संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 05 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 325 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।

# मिजोरम में जेडपीएम को बहुमत

## = 40 में से 27 सीट जीतीं, जोरमथंगा ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा

**चुनाव की बात**

8 भाजपा ने पलक और सैहा सीट अपने नाम की, जबकि कांग्रेस ने लांग्तलाई वेस्ट सीट पर जीत हासिल की।




**टीम एक्शन इंडिया/आइजोल**
जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को मणिपुर विधानसभा की 40 में से 27 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला। इसके अलावा मिजो नेशनल फ्रंट को 10, भाजपा को भाजपा को दो और कांग्रेस को एक सीट मिली। भाजपा ने पलक और सैहा सीट अपने नाम की, जबकि कांग्रेस ने लांग्तलाई वेस्ट सीट पर जीत हासिल की। जीत दर्ज करने वाले जेडपीएम के प्रमुख नेताओं में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा शामिल हैं। उन्होंने सेरछिप सीट पर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,982 वोटों से हराया। इस बीच मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने सोमवार शाम को राज्यपाल हरी बाबू कंभमपति से मुलाकात की। उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट की हार के बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया।

**सीएम समेत कई दिग्गज हारे**

निर्वाचन आयोग के मुताबिक, मुख्यमंत्री जोरमथंगा आइजोल ईस्ट-प्रथम सीट पर जेडपीएम उम्मीदवार लालथनसांगा से 2,101 मतों से हार गए।

चुनाव में जिन दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा, उनमें उप मुख्यमंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार तावंलुइया शामिल हैं। उन्हें तुइचांग में जेडपीएम उम्मीदवार ने हराया।

इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार आर लालथंगलियाना दक्षिण तुईपुई में जेडपीएम के जेजे लालपेखलुआ से हार गए।

### गठजोड़ से बनी पार्टी मिजोरम में सत्ता के शीर्ष पर



**नई दिल्ली :** भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में विधानसभा चुनाव के वोटों के गिनती पूरी हो चुकी है। नतीजों में जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने 27 सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। 40 सीटों वाले मिजोरम विधानसभा में बहुमत के लिए 21 सीटों की जरूरत थी। एक पूर्व आईपीएस अधिकारी, विधायक और पूर्व सांसद लालडुहोमा द्वारा स्थापित पार्टी जेडपीएम के मिजोरम में सत्ता के शिखर तक पहुंचने की कहानी बहुत दिलचस्प रही।

# मणिपुर में दो गुटों में गोलीबारी, 13 लोगों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
मणिपुर में सोमवार सुबह 10:30 बजे दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में 13 लोगों की मौत हो गई।
घटना म्यांमार बॉर्डर से लगे कुकी बहुल इलाके टेंग्नौपाल जिले के लीथू गांव की है।
मारे गए लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। असम राइफल्स के मुताबिक, इलाके के एक विद्रोही समूह ने म्यांमार जा रहे उग्रवादियों पर ये हमला किया है। मणिपुर सरकार ने रविवार (3 दिसंबर) को कुछ इलाकों को छोड़कर पूरे राज्य में मोबाइल इंटनेट सेवाएं 18 दिसंबर तक के लिए बहाल की थीं। मोबाइल इंटरनेट से बैन वापस लेने के बाद गोलीबारी की यह पहली घटना है। राज्य में कुकी और मैतेई समूह के बीच आरक्षण के विवाद को लेकर 3 मई से हिंसा चल रही है। हिंसक घटनाओं में अब तक 200 लोग मारे गए हैं। 50 हजार लोगों को अपना घर छोड़कर रिलीफ कैंप्स में रहना पड़ रहा है।

## सीएम ने 18 जीआई प्रमाण पत्रों का किया वितरण



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 18 जीआई प्रमाण पत्रों का वितरण किया। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है, जिसे एक दिन में सबसे अधिक 18 जीआई प्रमाण पत्र मिले हैं। अब तक उत्तराखंड के कुल 27 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच के कारण ही आज भारत सरकार से उत्तराखंड के 18 उत्पादों को भौगोलिक संकेतक टैग युक्त प्रमाण पत्र मिल पाए हैं। जिन उत्पादों को जीआई टैग प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, उनके उत्पादकों को भी मुख्यमंत्री ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन उत्तराखंड के लिए ऐतिहासिक है। 2003 में जीआई कानून बनने से लेकर 2023 तक के बीस वर्षों के सफर में पहली बार एक दिन में एक साथ किसी राज्य के 18 उत्पादों को जीआई प्रमाण पत्र निर्गत किये गए हैं। इस उपलब्धि से उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजनों के साथ ही कई अन्य वस्तुओं और इनसे संबंधित कलाकारों को न केवल काफी लाभ होगा अपितु दुनियाभर में उत्तराखंड को अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जीआई टैग युक्त उत्तराखंड के उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनाने के प्रयासों को इससे और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सभी जिलों में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक जनपद, दो उत्पाद योजना पर राज्य में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

## आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा का निलंबन वापस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राज्यसभा ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के सदस्य राघव चड्ढा का विशेषाधिकार हनन के मामले में उच्च सदन से निलंबन वापस ले लिया है। पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने 11 अगस्त को मानसून सत्र के दौरान 5 सदस्यों की बिना अनुमति के उनका नाम दिल्ली से जुड़े एक विधेयक को प्रवर समिति को भेजे जाने के प्रस्ताव में शामिल किया था। इन सदस्यों ने राघव चड्ढा के खिलाफ शिकायत की थी।
मामला संसद की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था और उन्हें सदन की कार्रवाई से समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया था।

## हाई कोर्ट ने दी 26 सप्ताह के भ्रूण को हटाने की मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाई कोर्ट ने 21 वर्षीय महिला के 26 हफ्ते के भ्रूण को हटाने की अनुमति दे दी है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने एम्स की मेडिकल रिपोर्ट पर गौर करने के बाद अपना निर्णय दिया है। एम्स ने महिला का परीक्षण करने के बाद कोर्ट में दाखिल अपनी रिपोर्ट में कहा कि महिला का भ्रूण सुरक्षित तरीके से हटाया जा सकता है। कोर्ट ने 23 नवंबर को एम्स को मेडिकल बोर्ड गठित कर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान महिला के वकील अमित मिश्रा ने कहा कि वो सहमति के आधार पर बने यौन संबंध के बाद गर्भवती हो गई। उसे हाल में ही अपने गर्भवती होने का तब पता चला तब उसे कुछ समस्या शुरू हुई और उसने डॉक्टर से सलाह ली। डॉक्टर ने 16 नवंबर को जब उसका परीक्षण किया तब उसे अपने गर्भवती होने का पता चला।



# राज्य स्तर पर मनाई गई संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती

## 4 दिसंबर को हरियाणा सरकार के कैलेंडर में संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष दिवस के रूप में लिखा जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा में संत-महापुरुषों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाई जा रही संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के तहत आज पहली बार संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती मनाई गई। जिला जींद में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने सैन समाज को कई सौगातें दी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लगभग 590 करोड़ रुपये की 39 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के कैलेंडर में 4 दिसंबर को संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष दिवस के रूप में लिखा जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि सैन समाज के परंपरागत कार्यों की दक्षता व प्रशिक्षण के लिए गुरुग्राम, हिसार,





रोहतक और अंबाला में 4 केश कौशल विकास केंद्र खोले जाएंगे। इन केंद्रों की सफलता के बाद आवश्यकतानुसार और केंद्र भी खोले जाएंगे। श्री मनोहर लाल ने समाज की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि अभी तक सैन समाज का नाम सैन के साथ-साथ नाई शब्द भी लिखा जाता है। लेकिन हरियाणा सरकार ने सैन नाम से अलग पहचान देने के लिए केंद्र सरकार को इस संबंध में पत्र लिखा है।

**जेडी-7 रोड, गोहाना रोड स्थित कोर्ट के सामने चौक का नाम संत शिरोमणि सैन जी महाराज के नाम पर रखा जाएगा:** मुख्यमंत्री ने जींद ?में जेडी-7 रोड का नाम तथा गोहाना रोड स्थित कोर्ट के सामने चौक का नाम संत शिरोमणि सैन जी महाराज के नाम पर रखे जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि चौक पर संत शिरोमणि सैन जी महाराज की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि भिवानी व करनाल में भी समाज किसी सड़क या चौक की पहचान कर सरकार को बताएं तो उनका नाम भी संत शिरोमणि सैन जी महाराज के नाम पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने जींद के श्री धन्ना भगत मेडिकल कॉलेज परिसर में एक भवन का नाम संत शिरोमणि सैन जी महाराज के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जींद जिला में समाज को प्लॉट के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पोर्टल पर आवेदन करना होगा, तो उन्हें प्लॉट आवंटित किया जाएगा और इस प्लॉट पर धर्मशाला के निर्माण के लिए सांसद की ओर से 11 लाख रुपये तथा अपने स्वैच्छिक कोष से 21 लाख रुपये सहित कुल 32 लाख रुपये के अनुदान देने की घोषणा की।

**संतों-महापुरुषों की जयंतियों, शताब्दियों को राज्य स्तर पर मनाया जा रहा है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि सैन जी महाराज ने अपने जीवन में जन-जागरण का कार्य किया और सेवा भावि व्यक्तित्व के रूप में ख्याति प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब हमारी सरकार आई, तब हमने यह पाया कि राजनीतिक लोग समाज के संतों-महापुरुषों को भूल गए हैं, लेकिन हमने संतों की शिक्षाओं व आदर्शों को प्रेरणा के रूप में लोगों तक पहुंचाने के लिए संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना चलाई। इसी योजना के तहत आज का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस योजना के तहत समाज के सभी संतों-महापुरुषों की जयंतियों, शताब्दियों को राज्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को समाज के सहयोग से ही दूर किया जा सकता है। इसका सफल उदाहरण बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ है। समाज के सहयोग से आज हरियाणा बे?टियों को बचाने वाला प्रदेश बन गया है। इसी प्रकार, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशे पर अंकुश लगाने के लिए समाज के लोगों का सहयोग लिया जा रहा है।

**गरीबों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चलाई अनेक कल्याणकारी योजनाएं :** श्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। अंत्योदय परिवारों को लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कई योजनाएं चलाई हैं। आवास योजना, नल से जल, उज्जवला योजना, बिजली कनेक्शन देकर उन्होंने हर गरीब परिवार का कल्याण किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं पर गरीब का अधिकार है, जो उसे मिलना चाहिए।



जिला करनाल के गांव संगोही व चुरनी में विधायक रामकुमार कश्यप विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लाभार्थी को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन देते हुए।

# अंत्योदय के सपने को साकार कर रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

**वर्ष** 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिला भिवानी के गांव दांग कलां एवं खुर्द पहुंची। ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया और विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ ली। पूर्व विधायक श्री शशिरंजन परमार ने बतौर मुख्य वक्ता अपना संबोधन देते हुए कहा कि मोदी - मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस अवसर पर योजनाओं की जानकारी लेने, पात्रों द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाने, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच, कृषि विभाग से योजनाओं की जानकारी लेने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां पंहुचे। पूर्व विधायक परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन देशभर में एक साथ किया जा रहा है। अपने खंड, जिले और हरियाणा में यात्रा को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। एक ही स्थान पर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हर गांव में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित होगी।

# मुख्यमंत्री ने कृषि विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ

## गुणवत्ता परक कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार कई देशों के साथ मिलकर कर रही काम: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ दीपिक शर्मा/ काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सोमवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वैश्विक खाद्य-पोषण सुरक्षा, स्थिरता और स्वास्थ्य के लिए रणनीति विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कृषि महाविद्यालय परिसर में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा उद्यमियों के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित है। इस सेंटर के माध्यम से गत 4 वर्षों में 6 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाकर 100 स्टार्टअप शुरू करवाए जा चुके हैं। इन स्टार्टअपस के माध्यम से टिश्यू कल्चर तकनीक से केला, गन्ना की बेहतरीन किस्म तैयार करना तथा मोटे अनाज से तैयार खाद्य उत्पाद तैयार किए गए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 14 देशों की प्रसिद्ध शोध संस्थाओं से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ



बैठक भी की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। यहां के कृषि उत्पाद का निर्यात देश व दुनिया के कई देशों में हो रहा हैं। अब उत्पादन के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिए दुनिया के कई देशों के साथ राज्य सरकार द्वारा काम किया जा रहा है।

**फसल की गुणवत्ता बढ़ाने में कृषि वैज्ञानिक की भूमिका अहम**

उन्होंने सेमिनार में उपस्थित हरियाणा सरकार के मंत्री गणों व अन्य अतिथियों का वैज्ञानिकों से परिचय करवाते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के उत्थान को लेकर सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नई-नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप हरियाणा प्रदेश ने इस क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। कृषि क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन हो रहा है, लेकिन इसके साथ ही नई चुनौतियां भी खड़ी हो गई है। अधिक खाद एवं दवाइयां के प्रयोग से फसल उत्पादक गुणवत्ता का स्तर गिर रहा है, जिससे मानव को अनेक बीमारियां अपनी गिरफ्त में ले रही है। यही नहीं पानी तथा पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इन तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए अब चिंतन करना बहुत आवश्यक हो गया है।

## न्यूज फ्लैश

### ग्रामीण क्षेत्रों में अंत्योदय उत्थान योजनाओं का लाभ देने का सरल माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**चण्डीगढ़** : हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाने का सरल माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम का पटौदी खंड के गांव हालियाकी व लांगड़ा में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। विधायक श्री सत्यप्रकाश जरावता आज जिला गुरुग्राम के पटौदी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यातिथि आम जनता को सम्बोधित कर रहे थे। गांव की महिलाओं ने लोक गीतों व पुष्पवर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों की संबोधित करते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार के विगत नौ वर्ष गरीब कल्याण के वर्ष रहे हैं। इस दौरान गरीबों के घरों में शौचालय बनाए गये, पक्के घर दिए गए, स्वच्छ जल हेतु जल जीवन मिशन योजना व हर घर नल से जल योजना चलाई गई। वहीं भारत व हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के हित में किसानों के खाते में छः - छः हजार रुपये प्रतिवर्ष डाले जा रहे हैं ताकि किसान बीज, खाद के लिए आत्मनिर्भर हो सके। इसके अलावा, गरीबों के जनधन के खाते खुलवाए गए जिन खातों में सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सहयोग राशियां डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुंचाई गई।

### राजस्थान के रण में हार से जेजेपी पर हमलावर हुए भाजपा नेता

**चंडीगढ।** राजस्थान विधानसभा चुनाव में हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा की सहयोगी जेजेपी को कोई सीट न मिलने के बाद भाजपा नेता जेजेपी पर हमलावर हो गए है। जहा लंबे समय से जेजेपी से भाजपा का गठबंधन तोड़ने की सलाह देते आ रहे भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने एक बार फिर जेजेपी के भाजपा में विलय या फिर गठबंधन से बाहर होने की सलाह दी है। इसी बीच हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने आम आदमी पार्टी और जेजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी अब जेजेपी बन गई है।पांच राज्यों की 700सीटो पर आम आदमी पार्टी की जमानत जब्त हुई है। यानी कि यह जमानत जब्त पार्टी बन गई है। राजस्थान के चुनावी रण में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को मिली करारी शिकस्त पर हरियाणा के डिप्टी सीएम और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने सफाई दी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को जो उम्मीद थी, उसके मुताबिक पार्टी को परिणाम हासिल नहीं हो सके हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को राजस्थान की जनता ने नकार दिया है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में वरदान साबित होगी यात्राः विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

हरियाणा के विधायक दुड़ाराम ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जाएगा। समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा - जनसंवाद एक वरदान साबित होगी। इस यात्रा से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्ति लाभ उठाकर आगे बढ़ सकेंगे। विधायक दुड़ाराम सोमवार को फतेहाबाद खंड के गांव एमपी रोही - प्रथम एवं खारा खेड़ी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए की राशि से किए जाने वाले गांव के विकास कार्य व जोहड़ की खुदाई, गंदे पानी की उचित निकासी आदि अन्य विकास कार्यों के लिए भी सरकार के पास प्रस्ताव स्वीकृति हेतू भेजा जा चुका है। इस अवसर पर उन्होंने राजकीय कन्या स्कूल व राजकीय स्कूल की चारदीवारी बनवाने के लिए 67 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एमपी रोही से बड़ोपल तक पाइपलाइन बिछाने के कार्य पर करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी जिससे जरूरतमंद किसानों को फसल सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का सौ फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है।

# पिछड़ा वर्ग की मांगों को सरकार स्वीकार करें: दीपेंद्र हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

संत शिरोमणि सेन भगत जी महाराज की जयंती के अवसर पर दीपेंद्र हुड्डा ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने पिछड़ा वर्ग की मांगों का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि सरकार इन्हें स्वीकार करे, अन्यथा अगले साल कांग्रेस सरकार बनने पर हम करेंगे। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा हरियाणा के लोगों ने इस सरकार को बदलने का मन पहले ही बना लिया है। हरियाणा के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है बीजेपी-जेजेपी सरकार जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। इस अवसर पर दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज हमेशा से मेहनतकश वर्ग रहा है। दराती और हथौड़ा चलाने वाले किसान और कामगार हमारे वो स्तंभ



हैं जिनपर हमारे समाज की नींव टिकी है। पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार ने भी इस समाज के मान-सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। कॉंग्रेस की हुड्डा सरकार ने पिछड़ा वर्ग समाज के हितों की रक्षा करने के लिये केश कला बोर्ड और मिट्टी कला बोर्ड का गठन किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय विभिन्न बोर्ड और निगमों में पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया गया था। इनमें प्रमुख रूप से (रामनिवास घोड़ेला, भूपेंद्र गंगवा, तेलूराम जांगड़ा, योगेन्दर योगी, सुरेन्दर सैन, कमलेश पंचाल, बलराज बल्ले, राजेंदर पाल गड़रिया, टीपी बॉस, प्रताप मुदगिल, छोटा सिंह छोटा, उषा शर्मा जांगिड़) आदि शामिल हैं। इसके अलावा डॉ0 रामप्रकाश को 2 बार राज्य सभा का सदस्य व कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया, ताकि किसी भी स्तर पर पिछड़े वर्ग की आवाज कमजोर न पड़ सके। जातीय जनगणना कराने की मांग करते हुए कहा कि संख्या के आधार पर पिछड़ा वर्ग को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। कांग्रेस पार्टी संगठन के जरिए पिछड़ा वर्ग का ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगी। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बताया कि हाल ही में संसद से पारित महिला आरक्षण बिल में मूल पिछड़ा वर्ग को भी आरक्षण के दायरे में शामिल करने के लिये उन्होंने संसद में संशोधन दिया, लेकिन इसे सरकार ने स्वीकार नहीं किया।

# सही मायने में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है आमजन तक

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विश्व का विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को लोगों तक पहुंचाने के लिए 16 नवम्बर, 2023 से देशभर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सही मायने में आम जन तक पहुंचाने के लिए 50 दिनों का रोड मैप तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने यात्रा को अपने जन संवाद कार्यक्रम के साथ जोड़ कर नया स्वरूप दिया है। उल्लेखनीय है कि 2 जून, 2023 को भिवानी जिले के खरक कलां गांव से आरम्भ किया गया जन संवाद कार्यक्रम का दूसरा चरण चल रहा है और अब तक मुख्यमंत्री सभी 90 विधान सभाओं के ग्रामीण आंचल में पहुंच कर लोगों के बीच बैठकर सरकारी की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते है और लोगों से स्वयं सीधा फीडबैक लेते है। यह कार्यक्रम लोगों को काफी पसंद आ रहा है क्योंकि भाजपा के कार्यकर्ता ही नहीं दूसरी विपक्षी पार्टियों से जुड़े लोग भर मुख्यमंत्री को सुनने के लिए जन संवाद कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। हरियाणा में अब तक 13076 महिलाओं सहित लगभग 34974 व्यक्ति जिसमें गरीब भी है।

# पुलिस महानिदेशक ने सोनीपत पुलिस लाइन में ई-लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने देर सांय सोनीपत जिला में प्रदेश की पहली पुलिस ई लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस दौरान विभिन्न सरकारी व डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक ने ई-लाइब्रेरी परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने



उपस्थित विद्यार्थियों तथा आसपास के गांव के मौजिज लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी। ई-लाइब्रेरी खुलने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यहां उपलब्ध करवाई जाने वाली पाठ्य सामग्री से विद्यार्थियों को सीखने तथा जीवन में आगे बढ़ने को लेकर प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही इस ई लाइब्रेरी के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करने का प्रयास किया गया है।

# 'आप' के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा की जनसभा

## 2024 में भाजपा से सीधी टक्कर में आम आदमी पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/ गुहला/कैथल**

आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को गुहला के गांव रामथली (समाध) में जनसभा की। इससे पूर्व ग्रामीण व कार्यकताओं ने रोड शो निकाला और फूल मालाओं से अनुराग ढांडा का जोरदार स्वागत किया। अनुराग ढांडा ने कहा कि आज के दिन हरियाणा में बदलाव की हवा चल रही है। पूरे हरियाणा के लोग इन राजनीतिक पार्टियों से तंग हो चुके हैं। उन्होंन कहा कि यहां के लोगों में इतना रुझान है कि जब आम आदमी पार्टी की सरकार आएगी तो पहली सीट गुहला



चीका से जीतने वाले हैं। उन्होंने कहा चार राज्यों के चुनाव के नतीजों ने बता दिया कि भाजपा को हराना कांग्रेस के बस की बात नहीं, इसलिए लोगों को अब नया विकल्प देखना चाहिये। आपसी लड़ाई और कमजोर नेतृत्व की वजह से सीधे मुकाबले में भी भाजपा को कांग्रेस नहीं हरा पाई। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर भारत में भाजपा के बाद विरोधी दलों में आम आदमी पार्टी दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। आम आदमी पार्टी की दो राज्यों में और कांग्रेस की एक राज्य में सरकार है। आम आदमी पार्टी सबसे मजबूत विकल्प बन गई है। भाजपा से हर वर्ग परेशान हो चुका है, आम आदमी पार्टी सीधी टक्कर में भाजपा को जड़ से उखाड़ेगी और हरियाणा में 2024 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने मोदी के गढ़ गुजरात में भी उनके पसीने छुडा दिए थे और 41 लाख वोट हासिल किए थे, आम आदमी पार्टी के 5 विधायक गुजरात में हैं। हरियाणा में कांग्रेस के नेता भूपेंद्र हुड्डा राजस्थान के ओब्जर्वर थे और प्रचार कर रहे थे, रणदीप सुरजेवाला मध्यप्रदेश के प्रभारी थे और शैलजा छत्तीसगढ़ की प्रभारी थी। तीनों ने कांग्रेस को डुबो दिया और हरियाणा में तो ये तीनों एक ही जगह हैं, मतलब हरियाणा में कांग्रेस का सुपड़ा साफ होगा। ये तीनों आपस में लड़कर खत्म हो जाएंगे। केवल आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से काम करता है। इसलिए आम आदमी पार्टी ने बहुत कम में पूरे हरियाणा में हर गांव में अपना संगठन तैयार कर लिया है, हर गांव में ग्राम सचिव नियुक्त कर दिए और 21-21 सदस्यों की कमेटी बना दी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का 10 साल का रिकॉर्ड देख लें, आम आदमी पार्टी हराती नहीं, सुपड़ा साफ करती है।

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहीं है संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा: सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का संदेश लेकर विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। इस जिले की 403 पंचायतों के लाखों लोगों तक यह यात्रा पहुंचेगी। इस दौरान योजनाओं से वंचित लोगों को मौके पर ही लाभ देगी। इस यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह और जोश नजर आ रहा है। इसलिए हर गांव में इस यात्रा का हजारों लोगों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। यह यात्रा निश्चित ही केंद्र और राज्य सरकार के उद्देश्य को सफल बनाएगी विधायक सुभाष सुधा सोमवार को मिजार्पुर, कुम्हार खेड़ी और आलमपुर में विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा को लेकर आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। इन कार्यक्रमों में विधायक सुभाष सुधा ने सबसे पहले सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया। इन स्टॉलों पर सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके साथ-साथ जो पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित रह गए है, उनको भी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।



विधायक ने आलमपुर में विमला देवी, कविता रानी, बाला देवी, रितु देवी, रीना देवी, संतोष देवी, कुलवंत, सुल्तान सिंह, मोहन लाल, मामो, ममता देवी, पालो देवी को बीपीएल राशन कार्ड वितरित किए। इसके अलावा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर और चुल्हा वितरित किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले और शैक्षणिक क्षेत्रों में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का इलाज निशुल्क किया जा रहा है। हरियाणा में चिरायु योजना के तहत हर नागरिक के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड रखा जा रहा है ताकि यदि किसी व्यक्ति को कोई बीमारी हो, तो उसका प्रारंभिक चरण में पता लगाकर उसका इलाज किया जा सके। अब कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। पूरे हिन्दुस्तान में विकसित भारत संकल्प यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है और आमजन को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।

समाज सेवी आचार्य राममेहर शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया। इस मौके पर मिजार्पुर के सरपंच सुशील बल्ली, कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष रजनीश, ग्राम सचिव सुरेंद्र, सरपंच सीमा देवी, सरपंच सुनील कुमार, पवन कुमार, विशाल, जेई सुनील कुमार, प्राचार्य सिमी गुप्ता, हैड मास्टर राजेंद्र, राजपाल शास्त्री, नरेंद्र, मनीष, अमित, रामकिशन, परमजीत, जोगिंद्र, सचिन, लक्ष्मण दास, राजपाल शास्त्री आदि मौजूद थे।

## कुरुक्षेत्र: विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशा न करने की शपथ ली



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आज** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एन सी बी) हरियाणा के द्वारा चलाए गए ड्रग डी एडिक्शन अवेयरनेस कैंपेन के अंतर्गत विशेष सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा जी, जो इस अवेयरनेस कैंपेन के इंचार्ज है, उनके द्वारा सभी विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। उन्होंने बताया कि नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के पूर्ण कार्यान्वयन को सक्षम करने और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम के माध्यम से इसके उल्लंघन से लड़ने के लिए 17 मार्च 1986 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो बनाया गया था। हरियाणा में इसकी स्थापना 25 अगस्त 2020 को हुई, इसका मुख्यालय मधुबन में है। उन्होंने विभिन्न उदाहरण देकर बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। बच्चों से उन्होंने कुछ प्रश्न भी पूछे जिनके उत्तर उन्होंने बखूबी दिए। उत्तर देने वाले सभी विद्यार्थियों को उन्होंने मंच पर बुलाकर बैज लगाकर उनका हौंसला बढ़ाया। अंत में उन्होंने सभी विद्यार्थियों तथा स्टाफ को ड्रग एडिक्शन के खिलाफ शपथ दिलाई तथा हेल्प लाइन नंबर 9050891508 भी याद करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बी डी गाबा ने कहा कि आज के इस भाषण का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को ड्रग एडिक्शन के बारे में जागरूक करना है।

## सोनीपत: चौक का नामकरण भगवान सैन महाराज के नाम पर किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। बहालगढ़ रोड पर** स्थित सेक्टर 7 के चौक का नामकरण भगवान सैन महाराज के नाम पर किया गया है, नव निर्मित चौक का उद्घाटन मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने रिबन काटकर एवं नारियल फोड़कर किया । भाजपा नेता ने जींद में होने वाली संत शिरोमणि सैन जी महाराज की रैली में जाने वाले काफिले को भी झंडी दिखाकर रवाना किया।



सैन एकता विकास संगठन हरियाणा के अध्यक्ष अनिल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में राजीव जैन ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान तीनों राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत की बधाई देते हुए सैन समाज के लोगों ने मिठाई बाँटी और संत शिरोमणि सैन जी महाराज जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार सैन महाराज की जयंती सरकार द्वारा जींद में मनाई जा रही है, इससे सैन समाज की शिक्षाएं एवं प्रेरणाएं सर्व समाज में फैलेगी।

राजीव जैन ने कहा कि चौक बनाने से समाज की काफी पुरानी मांग पूरी हुई है और भाजपा शासनकाल में सैन समाज की सब्जी मंडी के पास स्थित धर्मशाला में आर्थिक सहयोग देकर निर्माण कार्य करवाया गया था। उन्होंने भाजपा सरकार ने सभी वर्गों के महा पुरुषों की जयंती सरकारी स्तर पर मनाने का निर्णय लेकर सभी महा पुरुषों को सम्मान देने का सराहनीय प्रयास शुरू किया है। इस अवसर पर संगठन सचिव अधिवक्ता दीपक, रामेहर खत्री, सुशिल, सत्यवान, जयकिशन, वीरेंद्र कटारिया, सुरेश कुमा, राजबीर, महावीर, महेंद्र, कृष्ण, जगदीश फौजी, हंसराज, जयपाल, दिलबाग, कुलदीप ठाकुर, कंवर सिंह, पवन, सूबे सिंह एवं अन्य सैंकड़ो सैन भक्त उपस्थित रहे।

## क्लबों के माध्यम से छात्रों का होगा बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास: प्रोफेसर सोमनाथ

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के क्लबों की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता सोमवार को सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि क्लबों के माध्यम से छात्रों का बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास होगा। आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय के छात्र क्लबों के माध्यम से स्वयं गतिविधियाँ ऑर्गनाईज करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों को अधिक से अधिक मंच मिले इसलिए विश्वविद्यालय में क्लबों की स्थापना की गई है इस अवसर पर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि क्लबों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्र सांस्कृतिक तथा मंचीय गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे। इससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा। इससे पूर्व युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने कुलपति का वार्षिक क्लबों की बैठक में स्वागत किया और क्लबों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि फाईन आर्ट क्लब के माध्यम से ललित कला एवं हरियाणवी लोक कला को विकसित किया जायेगा। लिट्रेरी क्लबों के माध्यम से छात्रों को मंचीय विधाओं एवं भाषण कला वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि से जुड़े हुए आयोजनों के माध्यम से विकसित किया जायेगा।उन्होंने बताया कि म्यूजिक एवं डांस क्लब के माध्यम से छात्रों को संगीत एवं नृत्य से संबंधित सूक्ष्म जानकारियां प्रस्तुत की जाएंगी। थियेटर क्लब के माध्यम से जहां एक ओर कार्यशालाओं का आयोजन होगा वहीं पर दूसरी ओर थियेटर फेस्टिवल भी आयोजित किया जायेगा। फोटोग्राफी क्लब के माध्यम से बच्चों को फोटोग्राफी से संबंधित प्रशिक्षण दिये जाएंगे और उनको प्रतियोगिता का भागीदार बनाया जायेगा। इको और नेचर क्लब के माध्यम से छात्रों को प्रकृति एवं पर्यावरण संबंधी गतिविधियों से जोड़ा जायेगा।इस अवसर पर डॉ. पूनिया ने संबंधित क्लबों के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक आयोजन करने के लिए आह्वान भी किया। इस मौके पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. राम विरंजन, प्रो. पुष्पा रानी, प्रो. रश्मि वर्मा, प्रो. नरेन्द्र सिंह, प्रो. रीटा दलाल, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. विवेक चावला, प्रो. अमीषा सिंह, लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. आरती श्योकंद, डॉ. ज्ञान चहल, डॉ. मंजू नरवाल, डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. सोमवीर जाखड़, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. दिविज, डॉ. अभिज सिंह, डॉ. हरविन्द्र सिंह, सहित अनेक गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे।



## डीपीएस की छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम





**टीम एक्शन इण्डिया/ समालखा** दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी जूनियर की कक्षा पांचवीं की छात्रा आराध्या ने दिल्ली जिमखाना क्लब में आयोजित नॉर्दन इंडिया स्क्वेश चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण जीतकर न केवल अपने परिवार अपितु विद्यालय का नाम भी किया । आराध्या ने 25 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित इस टूर्नामेंट में अंडर 11 श्रेणी की पूरे भारत से आई 32 लड़कियों को हराकर अपना स्थान बनाया । यह टूर्नामेंट एस आर एफ आई की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गया था।आराध्या ने फाइनल में चंडीगढ़ की छात्रा को 3- 1के अंतर से हरा कर अपना स्वर्ण पक्का किया। डी पी एस पानीपत सिटी के लिए यह गर्व की बात है कि अब आराध्या जनवरी 2024 में आयोजित होने वाली द प्रेस्टिजियस ब्रिटिश जूनियर ओपन में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। डी पी एस पानीपत सिटी की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने आराध्या और उसके अभिभावकों को बधाई दी और छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जब कोई विद्यार्थी इस तरह की प्रतियोगिताओं में जीतता है तो विद्यालय भी गौरांवित महसूस करता है।

## देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की बात पर विश्वास करती है: योगेश कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। तीन राज्यों के विधानसभा** चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली भारी सफलता से कार्यकर्ताओं में भारी जोश है। जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य एवं भाजपा नेता योगेश कौशिक ने लड्डू बांटे। राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा नेता योगेश कौशिक ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों एवं कार्यों की जीत बताया हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की बात पर विश्वास करती है। पिछले साढ़े 9 सालों में केन्द्र सरकार ने काम किए है उससे जनता बेहद प्रभावित है। कौशिक ने कहा कि इन राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को नकार कर मतदाताओं ने यह साबित कर दिया है कि वह कांग्रेस के झूठे वादों में आने वाली नहीं है।

कौशिक ने कहा कि देश में जहां-जहां भाजपा की डबल इंजन की सरकारें है वे जन कल्याणकारी कार्य कर कमाल कर रही हैं।

## राष्ट्रीय पंजाबी महासभा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर: बवेजा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)राष्ट्रीय** पंजाबी महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि महासभा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है। इसी के तहत राष्ट्रीय पंजाबी महासभा द्वारा जालंधर में आयोजित वजीफा वितरण समारोह में 1300 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए। समारोह में राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के नेशनल प्रेसिडेंट अशोक मेहता, नेशनल एडवाइजर डॉक्टर रमेश मदान, कोषाध्यक्ष अमन तलवार, पंजाब के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सरदार मनिंदर शेखो आदि सदस्यों ने भाग लिया। मधुसूदन बवेजा ने बताया कि महासभा के के नेशनल प्रेसिडेंट अशोक मेहता की सोच हमेशा जरुरतमंदों की सहायता करना है। अशोक मेहता स्वयं भी ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ चढ़कर भाग लेते है। मधुसूदन बवेजा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पंजाबी महासभा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब व हरियाणा सहित कई प्रदेशों में जरूरतमंदों के लिए कार्य कर रही है। धर्मनगरी के सेक्टर 13 में राष्ट्रीय पंजाबी महासभा द्वारा सिलाई केंद्र चलाया जा रहा है। एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने बताया कि राष्ट्रीय पंजाबी महासभा द्वारा समाजहित में अनेक कार्य किए जाते है। सभा द्वारा निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाना, पौधारोपण करना व जरुरतमंदों को कपड़े, किताबें वितरित करना आदि कार्य किए जाते रहे है और ये कार्य आगे भी जारी रहेंगे। बवेजा ने लोगों से अपील की कि वे भी हर खुशी के अवसर पर पौधरोपण करे तथा पेड़ बनने तक उनकी संभाल करे। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर लगातार पेड़ों की कटाई की जा रही है जिस कारण पर्यावरण बहुत दूषित हो रहा है। हम सभी को मिल कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए।





## यूआईडीएआई ने 14 दिसंबर तक बढ़ाई आधार कार्ड अपडेशन की तारीख: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)भारतीय** विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में आधार कार्ड अपडेशन की तिथि को बढ़ाकर 14 दिसंबर 2023 कर दिया है। नियमों के अनुसार आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को अंतिम तिथि तक अपडेट करवाना जरूरी है। यूआईडीएआई के पोर्टल पर आधार कार्ड को स्वयं निशुल्क अपडेट किया जा सकता है। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी, जबकि सीएससी सेंटर से अपडेट कराने पर निर्धारित शुल्क देना होगा।उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला वासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट करवाने की अपील की है।



## तेज रफ्तार ट्राला ने एलपीजी गैस सिलेंडरों से भरे मिनी केंटर को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। सरढाना रोड** पर एक तेज रफ्तार ट्राला ने एलपीजी गैस सिलेंडरों से भरे मिनी केंटर को सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में मिनी केंटर पलट गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे उपचार के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के भाई ने ट्राला चालक के खिलाफ थाना गन्नौर में शिकायत दी है। शिकायत में गांव बजाना खुर्द के राजपाल ने बताया कि उसका छोटा भाई पिपाल भारत गैस एजेंसी पुगथला में बतौर चालक कार्यरत था। 4 दिसंबर को उसका भाई पिपाल घर से अपनी नौकरी पर आया था। जिसके बाद पिपाल एजेंसी के वाहन (मिनी केंटर) में सिलेंडर लोड कर गांवो में सप्लाई के लिए निकला था। जब वह गांव सरढाना के नजदीक पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्राला ने उसके भाई के मिनी केंटर को सीधी टक्कर मार दी, जिससे केंटर पलट गया। इस हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसके भाई को केंटर से निकाल कर सोनीपत के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डाक्टरों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राजपाल की शिकायत पर ट्राला चालक अमरजीत सिंह निवासी गांव बड़ा पिंड, जिला रूपनगर, पंजाब के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बार एसोसिएशन चुनाव नामांकन के पहले दिन चार ने नामांकन पत्र किए दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गन्नौर बार एसोसिएशन** चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन प्रकिया शुरू हो गई है। इस चुनाव में उतरने के लिए पहले दिन चार नामांकन पत्र दाखिल किए गए। नामांकन की प्रकिया शुरू होने के पहले दिन चुनाव अधिकारी सुशील त्यागी की देखरेख में प्रधान पद के लिए, अरुण पहल, उपप्रधान पद के लिए विशाल चौहान, सचिव के लिए बसंत त्यागी व अशोक सैनी ने नामांकन किए है। प्रधान पद के लिए नामांकन करने वाले अरुण पहल इससे पहले एक बार प्रधान पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। उन्होंने पिछला चुनाव भी प्रधान पद के लिए लड़ा था, लेकिन वे फिर से प्रधान पद बनने से चूक गए थे।

उन्होंने इस बार फिर से प्रधान पद के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। 5 दिसंबर को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है। 6 दिसंबर को नामांकन पत्रों की छटनी की जाएगी।



## न्यूज फ्लैश

### अदिति ने ताइक्वांडो स्पर्धा में जीता रजत पदक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दयाल** सिंह स्कूल सेक्टर-7 की होनहार खिलाडी ने हरियाणा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ की ताइक्वांडो स्पर्धा में रजत पदक जीता। हरियाणा राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन 4 से 5 दिसंबर को ताऊ देवीलाल स्टेडियम गुरुग्राम में किया जा रहा है।
प्रिंसिपल शालिनी नारंग ने इस शानदार उपलब्धि के लिए खिलाड़ी, विद्यालय के शारीरिक शिक्षा अध्यापक वीरेंद्र और कोच मनीष मलिक को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि अदिति मलिक ने हरियाणा स्कूली खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। अदिति मलिक ने पदक का श्रेय माता-पिता और कर्ण स्टेडियम कोच सुनील को दिया।

### क्रीमीलेयर की आय सीमा आठ से बढ़ाकर बारह लाख करे सरकार : राकेश सैनी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**देश** के महापुरुष संत शिरोमणि भगत सैन के 680वीं जयंती समारोह में भाग लेने के लिए करनाल से सैकड़ो सैन समाज के लोग जींद के लिए रवाना हुए। इनकी अगुवाई सैन सभा करनाल के प्रधान राकेश सैन ने की। आज करनाल के भगत सैन चौक से सैकड़ों लोग बसों से रवना हुए। हरियाणा में पहली बार राज्य सरकार ने भगत सैन की जयंती पर बड़े राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इसको लेकर सैन समाज के लोगों में उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर सैन सभा के प्रधान राकेश सैन ने कहा कि हरियाणा में मनोहर सरकार ने पहली बार कार्यक्रम कर इस समाज को सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि सैन समाज के साथ पिछड़े बर्ग के लोगों की मांग आरक्षण का फायदा लेने के लिए सालाना आय की आठ लाख रुपए की सीमा बढ़ाकर बारह लाख किया जाए। उन्होंने बताया कि सैन समाज के को सभी जिलों में धर्मशालाओं और छात्रावास के लिए रियायती दरों में जमीन दिलाई जाए। उन्होंने बताया कि सरकार राजनीतिक नियुक्तियों में सैन समाज को प्रतिनिधत्व देने के साथ कैशा कला बोर्ड का फिर से गठन करने की मांग प्रमुख हैं। अनिल राहड़ा और विनोद सैन ने कहा कि सैन समाज को जो राजनीतिक दल सम्मान देगा, उन्हें चुनावों में टिकट वितरण में स्थान देगा, उसी का समर्थन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा पिछड़े वर्ग का पूरा सम्मान कर रही है। इस अवसर पर गोपी राम, डा.जयभगवान, विकास सैन, चमैल सिंह, विनोद सांभली, सूबे सिंह, जगदीश अनिल राहड़ा, ओमप्रकाश काला, राज सिंह ऊंचा समाना, सुरेश कुमार, मदन लाल, रामदास, जनक राज, रवि कुमार और जितेंद्र शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी अपने जीवन में सफल होने व लक्ष्य प्राप्ति के लिये अपनाए आवश्यक10 मंत्र : पन्नु

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आज** गवर्नमेंट मिडल स्कूल जोहडमाजरा में सफलता के 10 (एस) बताते हुए निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने विद्यार्थियों को कहा कि सफलता का कोई भी मंत्र सीखने से पहले सुनने की कला का आना बेहद जरूरी है। जिस व्यक्ति को सुनने की कला नहीं आती, उसे कोई भी टीचर या मोटिवेशनल स्पीकर सफल नहीं कर सकता। कुछ लोग सुनते ही नहीं, कुछ एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल देते हैं, लेकिन सफल वह ही होते हैं, जो सुनकर उस पर चिंतन करते हैं व अच्छी बातों का अनुसरण करते हैं।
पन्नु आज निफा द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय जोहड़ माजरा में आयोजित 26 नवम्बर से 26 जनवरी देश की बात कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बच्चों से रूबरू हुए और उन्हें जिंदगी में सफल व जिम्मेदार नागरिक बनने की राह दिखाई।उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तभी होगी, जब देश का हर बच्चा अपने देश, समाज, शैक्षणिक संस्थान व परिवार से वैसा ही प्यार करे, जैसा वह अपनी सबसे प्रिय वस्तु से करता है।
उन्होंने कई कहानियाँ व प्रेरणादायक किस्से सुनाकर विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने व कैसे कोई भी आर्थिक रूप से कमजोर होने के बाद भी देश व विदेश के उच्च विद्यालयों में अपनी शिक्षा, स्किल व समाज के प्रति अतिरिक्त प्रयासों से फ्री में पढ़ाई करने का ज्ञान दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए और सफलता की राह पर आने वाली परेशानियों को दूर करने के उपाय भी सुझाए। उन्होंने करनाल के ही कई सफल विद्यार्थियों का उदाहरण दिया, जिन्होंने अपने अध्यापकों की बातों को ध्यान से सुना और उन पर अमल किया, जिसके चलते वे सफलता की ऊँचाई तक पहुँच गये।

# 'सीएम की विकासात्मक घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं '



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य सचिव** संजीव कौशल ने सोमवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की विकासात्मक घोषणाओं को लेकर वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की विकासात्मक घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं, किसी भी विकास कार्य को अधूरा न रहने दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी कार्य में दिक्कत आती है तो उसके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी मुख्यालय चण्डीगढ़ में उच्च अधिकारियों को सूचित करें।
वीसी में उपायुक्त अनीश यादव ने करनाल जिला में विभिन्न विभागों से संबंधित मुख्यमंत्री की घोषणाओं को लेकर विकासात्मक कार्यो की प्रगति रिर्पोट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव काछवा में पशु अस्पताल भवन का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए पशु-पालन विभाग को फंड उपलब्ध हो चुका है। एक-दो दिन में पंचायत विभाग द्वारा पशु-पालन विभाग के नाम रजिस्ट्रि करवा दी जाएगी और जल्द ही इसका टेंडर लगवाकर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।
इसी प्रकार से नीलोखेड़ी में अनाज मंडी के शिफ्टिंग के मामले में बताया कि मार्केटिंग बोर्ड के नाम जमीन ट्रांसफर करने के बारे में स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में केस गया हुआ है। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अकीकत नगर में प्राथमिक स्कूल खोलने की घोषणा की गई थी। स्कूल भवन बनाने के लिए कलोनी वासियों से सहमति हो चुकी है लेकिन यह शामलात जमीन है जिस पर स्टे होने के कारण अभी शिक्षा विभाग के नाम नहीं करवाया जा सकता। परंतु अस्थाई तौर पर प्राइमरी स्कूल की कक्षाएं शुरू करवा दी गई है।
उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा मधुबन, गांव कुंडाकलां व डेरा राम रंग पंचायत गढ़ी बरल में सामुदायिक केंद्र बनाने की घोषणा की गई थी। इन घोषणा
की क्रियान्वन के लिए पंचायत विभाग द्वारा जमीन खरीदे जाने के लिए यह केस अतिरिक्त मुख्य सचिव (पंचायत विभाग) को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर निकाली जाएगी वॉकथॉन: डॉ. वैशाली



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एडीसी डॉ.** वैशाली शर्मा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर करनाल में वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। इस वॉकथॉन में 1 हजार बालिकाएं हिस्सा लेंगी, जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के संबंध में आमजन को जागरूक करेंगी। इस वॉकथॉन की तारीख और स्थान जल्द ही तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान के बाद लिंगानुपात में काफी सुधार आया है। लोगों को और जागरूक करने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत करनाल में इस वॉकथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्कूल की 1 हजार छात्राएं हिस्सा लेंगी और पैदल मार्च करते हुए जागरूकता अभियान चलाएंगी।

## युवा वर्ग के नए वोट बनवाने के लिए देवा एकेडमी पर लगाया विशेष शिविर



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**रेलवे रोड** स्थित देवा एकेडमी में सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वाले युवाओं का नाम मतदाता सूचि में जोड़ने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में युवा वर्ग के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत किए गए। अगला कैंप अब 8 दिसंबर को फिर से सुबह 11 बजे से देवा एकेडमी पर लगाया जाएगा। जिसमें एकेडमी के शेष युवा व बाहरी युवा हिस्सा ले सकेंगे।
निर्वाचन कानूनगो पूजा शर्मा ने बताया कि निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं गन्नौर एसडीएम डा. निर्मल नागर के आदेशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय सोनीपत टीम ने जगह-जगह कैंप आयोजित कर युवा वर्ग की वोट बनाने का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि सोमवार को देवा एकेडमी पर कैंप आयोजित कर युवा वर्ग के मतदाता सूची के लिए नाम पंजीकृत किए गए है।

### 180 ग्राम अफीम सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए वन** की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी राजकुमार उर्फ बिल्लू पुत्र अंग्रेज सिंह वासी गोंदर हाल बालाजी कॉलोनी घरौंडा को कंबोपुरा जीटी रोड करनाल से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 180 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी अफीम खाने और बेचने का शौकीन है, जो कि यह अफीम घरौंडा से प्रह्लाद नाम के व्यक्ति के पास से लेकर आया था, जिसको यह चलते फिरते नशा करने वालों को ऊंची कीमत में बेचकर पैसे कमाता है। आरोपी पहले ही हत्या के मामले में हाई कोर्ट से जमानत पर आया हुआ था।

## वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार
### आठ मोटरसाइकिलें व एक एक्टिवा बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में चोरों की धर पकड़ का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में आरोपी राजू पुत्र प्रेम सिंह वासी नेवल हाल बुड्ढा खेड़ा करनाल को सेक्टर 16 करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजू के कब्जे से 5 मोटरसाइकिलें बरामद की गई। पुलिस जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी राजू ने थाना सेक्टर 32-33 के एरिया से चार मोटरसाइकिल व थाना रामनगर के एरिया से एक मोटरसाइकिल चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ व्हीकल चोरी के तहत थाना सेक्टर 32-33 में चार तथा थाना रामनगर में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है, जो कि जल्दी अमीर बनने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देता है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के करीब 12 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आरोपी जेल में भी जा चुका है। दूसरी ओर आरोपी रवि कुमार पुत्र ओमप्रकाश वासी कैलाश थाना सदर करनाल को विश्वसनीय सूचना पर पश्चिमी यमुना नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा तीन मोटरसाइकिल व एक एक्टिवा बरामद की गई। पुलिस जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी रवि ने थाना सिविल लाइन के एरिया से एक मोटरसाइकिल व एक एक्टिवा चोरी की थी, थाना शहर करनाल के एरिया से एक मोटरसाइकिल व थाना बुटाना के एरिया से भी एक मोटरसाइकिल चोरी करके वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ व्हीकल चोरी के तहत थाना सिविल लाइन में दो मुकदमे, थाना शहर में एक तथा थाना बुटाना में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जल्दी अमीर बनने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## गन्नौर : गांधी नगर खाली प्लाट की झाड़ियों में मिला लापता युवक का शव



**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**गांधी नगर** में सोमवार की सुबह खाली पड़े प्लाट में झाड़ियों में 17 वर्षीय युवक का शव मिला। मृतक युवक के लापता होने का 29 नवम्बर को मृतक के पिता ने पुलिस में अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। सूचना मिलने पर एएसआई सुलतान के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिए एफएसटीम को बुलवाया। टीम ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भेज दिया। मौके पर पहुचे एएसआई सुलतान ने बताया कि देखने में लगता है कि मृतक के मुंह को किसी अज्ञात जानवर ने नोच रखा है। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। ज्ञात रहे कि मृतक युवक मोहित के पिता गांव अदियाना, जिला पानीपत हाल निवासी गांधीनगर ने 29 दिसंबर को मोहित के लापता होने पर
अपहरण का पुलिस में करवाया था। पुलिस को दी शिकायत में पिता ने बताया था कि मोहित दिमाग की हालत से कमजोर था और 29 नवंबर को गुमड़ रोड स्थित गणपति गार्डन में शादी समारोह
में शामिल होने के लिए कहकर गया था, जब वह वापिस नही आया तो उसकी आसपास तलाश की लेकिन कोई सुराग नही लगा। उसके बाद पुलिस में अपहरण का मामला दर्ज करवाया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस ने पहले ही मृतक के पिता की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज किया था। मोहित की मौत के कारणों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस उसी आधार पर कार्रवाई करेगी। जांच के लिए पुलिस ने एफएसएल टीम को भी बुलाया है।

**पिता के साथ सरिया बंधवाने का काम करता था मृतक मोहित**

मौके पर पहुंचे मृतक मोहित के परिजनों ने विलाप करते हुए बताया कि मृतक मोहित
अपने पिता के साथ सरिया बांधने के काम में
सहयोग करता था। वह अपने पिता का सहारा बना हुआ था। उसकी मौत से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

### अलग-अलग मामलों में अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए वन** की टीम द्वारा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज किए गए अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध देसी पिस्तौल बरामद किए गए हैं।
शस्त्र अधिनियम के पहले मामले में सीआईए वन की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी प्रदीप उर्फ बाबा पुत्र मनफूल सिंह वासी बल्ला को नजदीक सेक्टर-6 ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी प्रदीप के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी प्रदीप यह असला उत्तर प्रदेश के शामली जिला से आठ हजार रुपए में अपनी रंजिश निकालने के लिए लाया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी अलग-अलग धाराओं में करीब चार मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को आज न्यायालय में पेश करके एक दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और आरोपी को हथियार उपलब्ध करने वाले की भी गिरफ्तारी की जाएगी। दूसरे मामले में सीआईए वन की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी प्रेम पुत्र सुलतान सिंह वासी भागडू हाल बियापुरखुर्द सोनीपत को ब्रह्मानंद चौक नई अनाज मंडी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल 32 बोर बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना शहर करनाल में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आगामी तफ्तीश में आरोपी प्रेम को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 9 ग्राम, 15 मिलीग्राम स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी नारकोटिक** सेल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी हासिम उर्फ राणा पुत्र सलीम वासी चौसाना, शामली उत्तरप्रदेश को नजदीक पासरवनाथ सिटी मेरठ रोड करनाल से मोटरसाइकिल पर जाते हुए काबू कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 9 ग्राम 15 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब बीस हजार है। इस संबंध में आरोपी हासिम के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी यह स्मैक उत्तर प्रदेश से लेकर आया था और जिसको यहां करनाल में किसी व्यक्ति को देना था। आरोपी हासिम जल्दी अमीर बनने के लिए स्मैक उत्तर प्रदेश से यहां लाकर ऊंची कीमत पर बेचता है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में उमडा जन सैलाब



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने देश को मजबूत कर नई दिशा देने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है। यह बात विधायक हरविंद्र कल्याण ने घरौंडा हल्के के गांव पनौड़ी व कैमला में विकसित भारत संकल्प यात्रा संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही।
कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया व अपनी समस्याओं से संबंधित आवदेन विभागीय अधीकारियों को सौंपे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिले के विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा दोनों ही गांवों में लगाए गए स्टॉलों का विधायक हरविंद्र कल्याण ने अवलोकन भी किया और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं हर वर्ग के लिए कारगर साबित हो रही है, वर्तमान सरकार की शिक्षा नीति बेहतर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली मैं नौकरियों के मामले में पर्ची व खर्ची पर पूरी तरह से लगाम लगी है। इसी तरह अन्य कार्यों में भी भ्रष्टाचार को खत्म करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। खेलों के क्षेत्र में हरियाणा बुलंदियों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना व अंतिम श्रेणी तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचाना मुख्य रूप से है।

## करनाल: रेहड़ी संचालकों के पास नहीं दिखाई देगा कचरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**फास्ट-फूड** स्टाल व रेहड़ी संचालकों के पास अब कचरा दिखाई नहीं देगा। नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम ने एक योजना के तहत मार्किट क्षेत्र में मौजूद फास्ट-फूड स्टाल व रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों के पास जाकर उन्हें कचरा न फैलाने की शपथ दिलाई। शपथ की टैगलाईन- मेरा कचरा-मेरा जिम्मेदारी है यानि स्टाल के आस-पास साफ-सफाई रखना सम्बंधित स्टाल संचालक की जिम्मेदारी होगी। यह जानकारी उप निगम आयुक्त अरूण भार्गव ने दी।
उन्होंने बताया कि स्टाल संचालक सुनिश्चित करेगा कि वह अपने कचरे को इधर-उधर फैलाने की बजाए उसे डस्टबिन या बोरे में इकठ्ठा करे और उसे कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहन में ही डाले। उन्होंने बताया कि बीते शनिवार से यह योजना लागू की गई है। शहर की नेहरू पैलेस मार्किट से इसकी शुरूआत हो चुकी है। इसके अतिरिक्त कुंजपुरा रोड, सिविल अस्पताल चौक से आई.टी.आई. रोड वाया सैक्टर-12 लघु सचिवालय रोड, पर मौजूद सभी फास्ट-फूड स्टाल लगाने वालों को शपथ दिलाई गई और उनके स्टाल पर लिखित शपथ का स्टीकर भी चस्पा किया गया है। स्टीकर से स्टाल संचालक व खान-पान के लिए आए लोग, दोनो जागरूक रहेंगे। उन्होंने दुकानदारों को भी सचेत किया कि वह भी अपनी दुकान परिसर के आगे साफ-सफाई रखें।
उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक-एक बाजार का दौरा किया जाएगा और वहां मौजूद सभी खान-पान के स्टाल संचालकों को शपथ दिलाई जाएगी तथा स्टीकर भी चस्पा किया जाएंगे। इसके बाद अगर किसी स्टाल या रेहड़ी के आस-पास गंदगी दिखाई देती है तो उसका चालान किया जाएगा और स्टाल भी जब्त होगा। उप निगमायुक्त ने बताया कि स्टाल संचालकों को जागरूक किया गया है कि वह अपने कचरे को डस्टबिन या बोरे में एकत्र करके रखें। रात्रि करीब 10 बजे तक कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन बाजारों से कूड़ा इकठ्ठा करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई संचालक देर रात तक भी स्टाल लगाता है तो वह अपना कचरा इधर-उधर ना गिराकर उसे एक बोरे में एकत्र करके रख दें, प्रातः डोर टू डोर कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन द्वारा उसे अवश्य उठाया जाएगा। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा है कि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें।

## सरकार लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाकर जोड़ रही है : कश्यप



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक** रामकुमार कश्यप ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प जन संवाद यात्रा में गांव संगोही व चुरनी में पहुंचकर लोगों के साथ जन संवाद किया और लोगों को सरकार की सभी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। विधायक ने कहा कि इस संकल्प यात्रा के तहत सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर अधिकारियों के सहयोग से लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि अब हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी, इसके लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा कर दी है। उन्होंने ने कहा कि ऐसे गरीब परिवार जिन के घर में कोई नौकरी नहीं है, उसे 5 अंक अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का उद्देश्य प्रत्येक परिवार में चूल्हा जले, इसके लिए लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को आत्म निर्भर बनाने के लिए बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाकर सरकार स्वरोजगार से जोड़ रही है।

## संपादकीय

# ईवीएम है भई ईवीएमबेमिस

**एक** बार की बात है, कुछ दूर के देश में, विलक्षण इंजीनियरों का एक समूह एक ऐसी मतदान प्रणाली तैयार करने के लिए एकत्र हुआ जो न केवल कुशल होगी बल्कि व्यापक भ्रम और विवाद पैदा करने में भी सक्षम होगी। इसलिए, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, उर्फ ईवीएम, का जन्म हुआ, जो आने वाले वर्षों के लिए राजनीतिक बहस की मशाल बन गई। ईवीएम को रुबिक क्यूब जैसा डिजाइन किया गया था। इंजीनियरों का मानना था कि यदि कोई रूबिक क्यूब को हल कर सकता है, तो उसके पास एक जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए आवश्यक बुद्धि होनी चाहिए। दुर्भाग्य से, यह तर्क उतना विश्वसनीय नहीं था जितना शुरू में अनुमान लगाया गया था। नागरिक, जो घन का चित या पट नहीं बना सके, चुनावी प्रक्रिया से और अधिक निराश हो गए। शिकायतों से निपटने के लिए सरकार ने एक ईवीएम सपोर्ट हेल्पलाइन नियुक्त की। अफसोस, हेल्पलाइन काफी अनुपयोगी साबित हुई। कॉल करने वालों ने लगातार पृष्ठभूमि संगीत का अनुभव करने की सूचना दी, जिसमें मोजार्ट की सिम्फनी से लेकर यादृच्छिक बॉलीवुड गाने तक शामिल थे, जिससे मतदाता वास्तव में लोकतंत्र की पवित्रता के बारे में हैरान हो गए। जल्द ही षड्यंत्र के सिद्धांत सामने आए, जिससे पता चला कि ईवीएम को विभिन्न पार्टियों के लिए विशिष्ट धुनें बजाने के लिए प्रोग्राम किया गया था। यदि आपने बीथोवेन की नाइंथ सुनी, तो आपने निश्चित रूप से रूढ़िवादी उम्मीदवारों को वोट दिया, जबकि एबीबीए की 'डांसिंग क्वीन' ने एक उदारवादी पार्टी के लिए वोट की गारंटी दी। गुप्त कोड शब्दों की अफवाहें सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से फैल गईं, जैसे दावों के साथ, "उम्मीदवार 'एक्स' के लिए वोट करें और अपनी मशीन पर रानी की 'वी विल रॉक यू' सुनें। जैसे ही ये आधारहीन अफवाहें फैलीं, ईवीएम विकास एजेंसी (ईवीएमडीए) ने खुद को अनिश्चित स्थिति में पाया। उन्होंने इन साजिश सिद्धांतों का मुकाबला एक अचूक समाधान के साथ करने का निर्णय लियाः सिरी और एलेक्सा के समान, ईवीएम में एक व्यक्तिगत आवाज सहायक को शामिल करना। वॉयस असिस्टेंट की शुरूआत ने पूरे मतदान अनुभव में विलक्षणता की एक और परत जोड़ दी। प्रारंभ में, वॉयस असिस्टेंट ने तटस्थता बनाए रखते हुए और निष्पक्ष मतदान सलाह देते हुए त्रुटिहीन तरीके से काम किया। हालाँकि, जल्द ही इसकी अपनी विशिष्टताएँ विकसित हो गईं। मतदाता तब चौंक गए जब वॉयस असिस्टेंट ने उन्हें "महामहिम" के रूप में संदर्भित करना शुरू कर दिया और अनचाहे रिश्ते संबंधी सलाह देना शुरू कर दिया। नागरिक पूरी तरह से हैरान रह गए, सोच रहे थे कि क्या उनकी मतदान प्राथमिकताएँ और रिश्ते की स्थिति किसी तरह आपस में जुड़ी हुई हैं। हास्यप्रद विसंगतियाँ यहीं समाप्त नहीं हुईं। राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों को बढ़ावा देने के लिए बेतुके हथकंडे अपना रहे हैं। अपने अभियान भाषणों में तकनीकी शब्दजाल का छिड़काव करते हुए, उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिद्वंद्वी समय और स्थान को हैक करने में सक्षम "क्वांटम ईवीएम" का उपयोग कर रहे थे, जिससे जादुई रूप से उनके पक्ष में वोट बढ़ रहे थे। इस तरह के दावों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर मीम्स और पैरोडी के साथ-साथ जनता की ओर से सामूहिक रूप से सराहा गया।

# क्या राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के नतीजों से कांग्रेस की इंडिया गठबंधन में स्थिति कमजोर हुई है ?

**सुनील कुमार महला**

> मगर इसमें संदेह नहीं कि पाटी एक सीमा से ज्यादा क्षेत्रीय दलों पर दबाव डालने की स्थिति में नहीं होगी। विशेषकर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी तो बिहार में राजद-जदयू के आगे कांग्रेस को अब सम्माजनक समझौते के लिए भारी संघर्ष करना होगा। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने अखिलेश यादव की जो अनदेखी की है उसके बाद सपा उत्तर प्रदेश में उसे सूबे की 80 लोकसभा सीटों में एक सीमा से अधिक सीटें देने का जोखिम उठाएगी इसमें भी संदेह है। राजद-जदयू तो पहले से ही गठबंधन में सूबे की 40 में से कांग्रेस को केवल चार-पांच सीटों तक ही सीमित रखने का इरादा रखते हैं। कांग्रेस को सियासी हैसियत दिखाने के लिए इन राज्यों के चुनाव नतीजों के अलावा सपा के पास 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ हुए गठबंधन का उदाहरण भी है, जब सपा ने 105 सीटें उसके लिए छोड़ीं मगर कांग्रेस केवल सात में ही जीत दर्ज कर पायी

**लोकसभा** चुनाव से कुछ महीने पहले हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस को मिली करारी शिकस्त न सिर्फ उसके लिए बड़ा झटका है, बल्कि यह हार विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्ण (इंडिया) में नेतृत्व एवं सीट बंटवारे पर मोलभाव करने की उसकी स्थिति को संभवतः कमजोर कर सकती है। इसकी बानगी भी चुनावी रुझानों में तीन राज्यों में कांग्रेस की हार नजर आने के साथ मिल गई जब गठबंधन के एक प्रमुख घटक जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि देश का मुख्य विपक्षी दल अपने दम पर जीतने में सक्षम नहीं है। जद (यू) के मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी की माने तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव के परिणाम कांग्रेस की पराजय और भाजपा की विजय का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों में विपक्षी ह्यइंडियाह्ण गठबंधन गायब था। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की हार के बाद समाजवादी पार्टी ने यह दावा तक कर दिया कि इस पराजय के लिए अखिलेश यादव के बारे में कमलनाथ की टिप्पणी जिम्मेदार है। कमलनाथ ने सीट बंटवारे के विवाद के संदर्भ में अखिलेश यादव को लेकर 'अखिलेश वखिलेश' वाली टिप्पणी की थी। सपा प्रवक्ता अनुराग भदौरिया ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अब शायद कमलनाथ जी के समझ में बात आ गई होगी। अखिलेश यादव का मतलब क्या है। सनद रहे कि अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने 'इंडिया' गठबंधन गठित किया है। इस पराजय के बीच कांग्रेस के लिए उम्मीद की एक किरण दक्षिण भारत से आई है जहां कर्नाटक के बाद अब तेलंगाना में उसे जीत मिली है। कांग्रेस को उम्मीद थी कि पांच राज्यों के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर वह 2024 के लिए अपनी राह तैयार करेगी। उसे उम्मीद थी कि इन चुनावों में जीत के बाद वह विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में नेतृत्व को लेकर अपना दावा मजबूत करेगी। उसकी इन उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। स्थिति को भांपते हुए कांग्रेस ने कहा कि वह 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के साथ मिलकर अगले लोकसभा चुनाव के लिए खुद को तैयार करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनका दल इन राज्यों में खुद को मजबूत करेगा तथा विपक्षी



गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के साथ मिलकर अगले लोकसभा चुनाव के लिए अपने आपको तैयार करेगा। खड़गे ने कहा, हमें इस हार से हताश हुए बगैर 'इंडिया' के घटक दलों के साथ दोगुने जोश से लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाना है। इन नतीजों से यह भी स्पष्ट है कि कांग्रेस के लिए हिंदीभाषी राज्यों में जाति जनगणना और 'गारंटी' के मुद्दे भी काफी हद तक बेअसर साबित हुए हैं। राहुल गांधी ने इन चुनावों में जाति जनगणना के मुद्दे का बार-बार जिक्र किया था। कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी सत्ता गंवा दी तो मध्य प्रदेश में करीब दो दशक का उसका वनवास (बीच में 15 महीने छोड़कर) खत्म नहीं हुआ। तेलंगाना के 2014 में नए राज्य के रूप में गठन के बाद कांग्रेस वहां पहली बार सत्ता में आई है। इस साल मई में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद ये चुनावी नतीजे उसके लिए बड़े निराशाजनक कहे जाएंगे। जबकि कर्नाटक के नतीजों के बाद पार्टी ने कहा था कि यह विजय उसके लिए 'बूस्टर डोज' है एक तो हिंदी पट्टी के इलाकों में भाजपा से आमने-सामने के चुनावी मुकाबले में कांग्रेस के कमजोर पड़ने से सियासी गणित गड़बड़ाने की चुनौती है। मगर दूसरी मुसीबत यह है कि भाजपा से मुकाबला करना है तो फिर इन क्षेत्रीय दलों के सामने कांग्रेस के साथ चलने की मजबूरी भी है। क्षेत्रीय दलों की इन सियासी सीमाओं को कांग्रेस बखूबी समझती है और इसीलिए तीन बड़े राज्य गंवाने के बाद भी पार्टी ने आईएनडीआईए की बैठक बुलाने की घोषणा कर अपनी सियासत को संभालने की कोशिशें शुरू कर दी है। तेलंगाना की जीत की सियासी सांत्वना के सहारे कांग्रेस अब 2024 के लिए गठबंधन के ढांचे को ज्यादा सुदृढ़ और स्पष्ट स्वरूप देने का प्रयास करेगी। मगर इसमें संदेह नहीं कि पार्टी एक सीमा से ज्यादा क्षेत्रीय दलों पर दबाव डालने की स्थिति में नहीं होगी। विशेषकर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी तो बिहार में राजद-जदयू के आगे कांग्रेस को अब सम्माजनक समझौते के लिए भारी संघर्ष करना होगा। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने अखिलेश यादव की जो अनदेखी की है उसके बाद सपा उत्तर प्रदेश में उसे सूबे की 80 लोकसभा सीटों में एक सीमा से अधिक सीटें देने का जोखिम उठाएगी इसमें भी संदेह है। राजद-जदयू तो पहले से ही गठबंधन में सूबे की 40 में से कांग्रेस को केवल चार-पांच सीटों तक ही सीमित रखने का इरादा रखते हैं। कांग्रेस को सियासी हैसियत दिखाने के लिए इन राज्यों के चुनाव नतीजों के अलावा सपा के पास 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ हुए गठबंधन का उदाहरण भी है, जब सपा ने 105 सीटें उसके लिए छोड़ीं मगर कांग्रेस केवल सात में ही जीत दर्ज कर पायी। इसी तरह बिहार के पिछले विधानसभा चुनाव में भी 70 सीटों पर चुनाव लड़ी कांग्रेस केवल 19 सीटें जीत पायी और राजद का महागठबंधन सत्ता की दहलीज से चंद कदम दूर रह गया था। सीटों के बंटवारे में कांग्रेस को अब आम आदमी पार्टी के साथ भी दोहरी मशक्कत करनी पड़ेगी, क्योंकि एक ओर उसके दिल्ली और पंजाब के नेता आप से गठबंधन के खिलाफ हैं। वहीं दूसरी ओर लोकसभा में पार्टी की सीटों का आंकड़ा एक-एक सीटें जोड़कर बढ़ाने के लिए कांग्रेस को दिल्ली में आप से गठबंधन की दरकार है। इन नतीजों ने दिल्ली में गठबंधन और पंजाब में अकेले लड़ने की कांग्रेस की संभावनाओं को झटका दिया है और आम आदमी पार्टी ने खुद को उत्तर भारत की सबसे बड़ी पार्टी बताकर व तीन राज्यों में 200 उम्मीदवार खड़े करके कांग्रेस पर दबाव बनाने का संकेत दिया था (हालाँकि इन तीन राज्यों में उसे एक भी सीट नहीं मिली )। इसी तरह बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस के प्रति उदारता दिखाएंगी इसमें संदेह है। खास बात यह है कि अब मध्य प्रदेश में सपा, हरियाणा में आम आदमी पार्टी तो राजस्थान जैसे राज्यों में रालोद जैसे दल सीटों के बंटवारे में अपनी भागीदारी के लिए जवाबी दबाव बनाएंगे। गौरतलब है कि 2018 में इन तीनों राज्यों में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। तो इसी तरह से एक सियासी आशंका पैदा होने लगी थी कि क्याभाजपा का गेम ओवर हो गया है और क्या पहले टर्म के बाद दूसरे टर्म में वो कुछ नहीं कर पाएगी। हाल के समय मेंभाजपा के लिए चिंता की लकीर जो उभरी थी,खासकर कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में हार के बाद, तो ये सवाल उठे थे कि मोदी फैक्टर अब राज्यों में उतना प्रभावी नहीं रहा। अब मोदी अपने दम पे राज्यों पर चुनाव नहीं जीता सकते हैं। कहीं ना कहीं लोकल फैक्टर और स्थानीय चीजें होती हैं वो राज्यों के चुनावों पर हावी हो रही हैं। देखा गया था कि 2014 के बाद कई सारे राज्यों में मोदी ने अपने नाम पर चुनाव जिताया था। लेकिन जब ये सवाल उठे तो ये तीन राज्यों का चुनाव बहुत महत्त्वपूर्ण हो गया था। इसीलिए इन तीनों राज्यों मेंभाजपा ने अपने सीएम उम्मीदवार आगे नहीं किए। आधिकारिक रूप से कहा कि तीनों राज्यों में मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा जा रहा है। देखने वाली खास बात यह है की जब पूरा देश चुनाव परिणाम को देख रहा था, उसी बीच 12 बजे दिन में मल्लिकार्जुन खड़गे ने तमाम इंडिया के नेताओं को फोन कर दिया था। उन्हें बताया कि 6 तारीख को मीटिंग करने वाले हैं। पिछले दो तीन महीने से तमाम इंडिया गठबंधन के दूसरे जो साथी थे वो मीटिंग करना चाह रहे थे। लेकिन तब ये माना जा रहा था कि कांग्रेस अपनी बारगेन क्षमता बढ़ाना चाहती थी और उसे उम्मीद थी कि तीन तारीख के चुनावी नतीजे उसके पक्ष में आयेंगे। वो छत्तीसगढ़ में गेन कर सकती है। मध्यप्रदेश में उनकी वापसी हो सकती है।

## कविता

दीवानगी में रहती है इतनी खबर कहाँ
है उन का नक़्शे-पा कहाँ ओर अपना सर कहाँ
वो मुस्कुरा रहे हैं हुए चश्म तर कहाँ
उन पे हमारे गम का पड़ा है असर कहाँ
जा तो रहे हो मुझ से छुपा कर रुख-ए-हसीं
पाओ गे मेरे जैसा मगर दीदावर कहाँ
तेरे जमाले - होशरुबा के ऐ जाने - मन
ठहरें गे सामने भला शम्सो कमर कहाँ
यादों ने कर दिया है तेरी और भी दराज
तूले - शबे - फिराक हुआ मुख़्तसर कहाँ
अल्ला रे राहे - इश्क में किस्मत तो देखिए
भेजा कहाँ था और गया नामा बर कहाँ
परवाज अपनी रोक ले ऐ जज्ब - ए - जुनूँ
उस के हरीमे - नाज में तेरा गुजर कहाँ
दुनिया में यूँ तो लाखों करोड़ों हैं आस्तां
लेकिन ऐ मेरे यार तेरा संगे - दर कहाँ
मैं हूँ मुसाफिर अपना पता तुम को कैसे दूँ
क्या जाने शाम होगी कहाँ ओर सहर कहाँ
दुनिया न देखे ओर मैं तुझे देखता रहूँ
आँखों को मेरी ऐसा शऊरे - नजर कहाँ
तकदीर में है खाना बदोशी लिखी हुई
मुझ को नसीब घर के "जकी" बामो-दर कहाँ

जकी तारिक बाराबंकवी

# मानवीय शक्ति और प्राकृतिक संसाधन,विकास और प्रगती के पहिये

**जब** भी हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों में बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है।

## विचार

# विजय जवाबदेही तो पराजय परीक्षण का अवसर।

**चुनावी** रण में विगत एक दो माह से अधिक समय से जुटे नेता, कार्यकर्ता एवम राजनीति में भावनात्मक रुचि लेने वाले साथियों लोकतंत्र का यह पवित्र पर्व हर पांच वर्ष में एकबार आता है। हर उम्मीदवार, उनके समर्थक चुनावों में जीझजान से जुटकर विजय का पूरा प्रयास करते है। राजनीति के इस खेल में जयझएक हिस्सा है। इस रण में दो में से एक को ही विजय होना है। दूसरे को पराजित जो विजयी हुए उनका दायित्व है। वे समानरूप से बिना भेदभाव किए जनता जनार्दन की सेवा करे। उनका व्यवहार अधिक विनम्र होना चाहिए। जवाबदेही पूर्ण होना चाहिए। विजयी के अहंकार को अपने से दूर रखे। अंहकार नाश की जड़ है। जिसने भी किया उसे मिटना पड़ा है। आपको मिला दायित्व स्थाई नहीं है। यह चलायमान है। आपसे पहले भी अनेकों इस पद के लिए विजय हुए। एक अच्छे विजेता जनप्रतिनिधि का दायित्व है, वह शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और नागरिक सुविधाओं की बेहतरी के लिए कार्य करें। ग्रामों की समस्याओं और शहर की औद्योगिक प्रगति पर ध्यान दे। जो पराजित हुए है उनका दायित्व है, वह जीते हुए जनप्रतिनिधि को चैन से नहीं बैठने दे, प्रजातांत्रिक रूप से विपक्ष की तरह जनता की सेवा में लगे रहे जो जनता के लिए लड़ेगा जनता उनको चाहेगी। लोकतंत्र में जनता निमार्ता की भूमिका में होती है। जनता ने इससे पहले भी अच्छेझअच्छे कलंदरो को धूल चटाई है, साधारण से दिखने वाले सड़क के आदमी को विधायक, सांसद तक बना दिया। चुनाव कार्य में जनप्रतिनिधियों की तरह ही कार्यकर्ता भी तनझमन और धन से जुटता है, वह अपने प्रिय उम्मीदवार को विजयी होता हुआ देखना चाहता है, उसकी मेहनत का विपरित परिणाम उसे भावुक कर सकता है। अनेकों कार्यकर्ता जीत की खुशी में मयार्दाएं भूल जाते है। हार के गम में हिंसक तक हो जाते है। इन भावों पर नियंत्रण की कोशिश करना चाहिए। लोकतंत्र में अनेकों प्रलोभन है, जो उम्मीदवारों और उनके कार्यकताओं द्वारा जनता को दिए जाते है, किंतु आपका व्यवहार सबसे बड़ा धन है, आकर्षण है, श्रृंगार है, प्रलोभन है, इस व्यवहार रूपी आकर्षण का दुरुपयोग आपको लंबे समय तक जनता के बीच खलनायक बना सकता है। इसके विपरित आपका उदार और अंहकार रहित व्यवहार आपको जनता के मध्य नायक बना सकता है। जनता आपके व्यवहार को याद रखती है, समय आने पर हिसाब चुकता करती है। हारझजीत ,जयझपराजय सिक्के के दो पहलू है। जीत विनम्रता सिखाती है, पराजय परीक्षण का अवसर है, हार के कारणों की पड़ताल का, कमियों पर को सुधारने का अवसर है। इस अवसर पर कवि शिवमंगल सिंह सुमन की कविता की उक्त पंक्तियां जिसे देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेई अक्सर सुनाया करते थै। सुनाने के साथ वे इन पंक्तियों पर अमल भी करते थै। उनका सम्पूर्ण जीवन भारतीय राजनीति में महान किरदार की तरह देखा और समझा जाता है। कवि शिवमंगल सुमन की कविता जैसे अटल जी के किरदार के लिए ही लिखी गई हो ऐसा प्रतीत होता है, वह पंक्तियां कुछ इस प्रकार हैझ

ह्नक्या हार में क्या जीत में
किंचित नहीं भयभीत मैं
संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही वह भी सही।

राजनीति का उद्देश्य जनता की सेवा करना होता है। इस हेतु सत्ता से अधिक विपक्ष की जवाबदेही होती है। विपक्ष केवल संसद और विधानसभा में ही नहीं होता विपक्ष सड़क पर जनता के लिए ईमानदार संघर्ष का नाम है। ऐसे अनेकों उदाहरण राजनीति में मौजूद है जब पराजय को परीक्षण का अवसर बनाया गया। अपनी कमियों को परखा गया, अपने व्यवहार को उदार, मानवीय और संवेदनशील बनाकर जनता की लड़ाई उड़ते रहने वाले नेताओं को जनता ने सिर आंखों पर बैठाया है।

इस चुनाव में जनता ने अनेकों बडबोले नेताओं, मंत्री, विधायकों को सबक भी सिखाया है। जिनको लगता था, विधायकी, सत्ता तो हमारी बपौती है, जिनके सिर पर सत्ता का मद चढ़ा था, उनके मन ताकत का अहंकार जन्म लेने लगा। ऐसे नेताओं को इस चुनाव में भी और इससे पहले भी जनता ने आसमान से जमीन पर लाकर पटक दिया है। इसलिए जो विजय हुए उन्हें अधिक विन्रम होने की जरूरत है, जो पराजित हुए उन्हें परीक्षण की, पड़ताल की ओर सहजता से पराजय को स्वीकार करने की आवश्कता है।

राजनीतिक जीवन में जिन्होंने जीत पर अपनी जिम्मेदारी निभाई जनकार्यो को प्राथमिकता दी, अंहकार को हावी न होने दिया फिर जनता की अदालत में गए फिर विजय हुए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मोदी मैजिक से कमल खिलने के निहितार्थ बहुत गहरे

**तीन राज्य** में मिले प्रचंड बहुमत ने 2024 के आम चुनाव के लिए भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ना लाजमी है। इन चुनावों ने साबित किया है कि प्रधानमंत्री मोदी मैजिक के आगे सब फेल है। भाजपा ने जीतने का लक्ष्य तय किया है।मीडिया एग्जिट पोल और चुनावी पंडितों की भविष्यवाणी के उलट भाजपा ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारी विजय हासिल की है। पार्टी को केवल एकतरफा जीत मिली है, बल्कि उसके वोट प्रतिशत में भी बड़ा उछाल आया है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार है। इस बार भाजपा ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के दावेदार घोषित नहीं किया और कमल ब्रांड मोदी के नाम पर वोट मांगा। जनता ने जिस तरह से प्रचंड बहुमत दिया है, उससे स्पष्ट हो गया है कि मोदी मैजिक अभी बरकरार है। यह भी जाहिर हो गया है कि मोदी मैजिक अभी भी जनता के सिर चढ़करबोल रहा है।

चुनाव बलपर राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी जीत दर्ज कर बहुमत का जादुई आंकड़ा छू लिया।राजस्थान और मध्य प्रदेश की जीत तो तय थी,मगर छत्तीसगढ़ की जीत ने इतिहास रच दिया है कांग्रेसी अलाकमान के सपने चकनाचूर हो गए। राजस्थान के निवर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोतकी मुफ्त की रेवड़ियों को ठुकराते हुए मतदाताओं ने हर पांच साल में सत्ता बदलने का रिवाज कायम रखा । वहीं मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार की लाड़ली बहन जैसी कल्याणकारी योजनाओं को जनता ने स्वीकार किया। छत्तीसगढ़ की जीत सही मायने में चुनौती और विस्मय से भरा है। हालांकि कांग्रेस को तेलंगाना में जरूर सफलता मिली है। वहां के क्षेत्रीय पार्टी बीआरएस के खिलाफ जनता का मत भुनाने में कांग्रेस सफल रही है । देश में रविवार का दिन भाजपा के लिए काफी शानदार रहा। राजस्थान के बारे में दावा किया जा रहा था की यहाँ गहलोत का जादू चलेगा मगर मोदी ने यहां जादूगर के जादू को छू मंतर कर दिया। मध्य प्रदेश में भी लोगों ने मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास व्यक्त किया। छत्तीसगढ़पर सभी सर्वे एजेंसियों ने कांग्रेस की वापसी की भविष्यवाणी की मगर इस राज्य में भी मोदी का जादू चला और लोगों ने भाजपा की झोली वोटों से भर दी ।

# स्कूल के मानकों को बढ़ाने के लिए शिक्षक गुणवत्ता में सुधार करें

**विजय गर्ग**

**भारत** में लगभग 1.5 मिलियन स्कूल, 9.7 मिलियन शिक्षक और कुल 265 मिलियन छात्र हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी स्कूली शिक्षा प्रणाली है। शिक्षक-छात्र अनुपात, कम से कम कागज पर, पढ़ाए जा रहे पाठ्यक्रम की तरह ही उचित लगता है। फिर भी भारतीय शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट को आम तौर पर स्वीकार किया जाता है और यह बेहद चिंताजनक है।

शिक्षा की खराब गुणवत्ता के कई कारण हैं। इसका प्राथमिक कारण स्कूली शिक्षकों की गुणवत्ता और उनका प्रशिक्षण है। गुणवत्तापूर्ण स्कूल शिक्षक शिक्षाशास्त्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव है; क्योंकि शिक्षा का स्तर शिक्षकों की गुणवत्ता से ऊपर नहीं

उठ सकता। स्कूल शिक्षकों की बुनियादी योग्यता कितनी भी अच्छी क्यों न हो (भारत में बी.एड और एम.एड में न्यूनतम (ज्यादातर) दूरस्थ पत्राचार डिग्री तक ही सीमित), इनमें से सबसे अच्छी बुनियादी योग्यताएं भी शिक्षकों को जीवन भर पढ़ाने के लिए तैयार नहीं कर सकती हैं। इसके अलावा, विश्व स्तर पर जुड़ी दुनिया में, शिक्षक को सामाजिक, राजनीतिक और तकनीकी परिवर्तनों के बारे में शिक्षित और अद्यतन किया जाना चाहिए ताकि छात्र इन परिवर्तनों के परिणामों और निहितार्थों के बारे में समान रूप से

जागरूक हो सकें और उचित रूप से जागरूक और उत्तरदायी हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के महत्व पर जोर देती है जो शिक्षकों के बीच शैक्षणिक कौशल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यह शिक्षकों के लिए चल रहे

व्यावसायिक विकास के अवसरों तक पहुंच की आवश्यकता पर भी प्रकाश डालता है जो उन्हें शिक्षाशास्त्र के

साथ-साथ विषय सामग्री दोनों में नवीनतम प्रगति और विचारों से अपडेट रहने में सक्षम बनाता है।

# भाजपा के गले का फांस बनी विधायक की रैली

## रैली के जरिए भाजपा दिग्गजों को अपनी ताकत दिखाने की कवायद



**टीम एक्शन इंडिया / संजय सिंह**
**नारनौल ।** आगामी 10 दिसंबर को नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव द्वारा जिला के मध्य में स्थित अटेली हल्के के गांव दोंगडा अहीर में जन विश्वास रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विधायक अपने समर्थकों के साथ पिछले एक महीने से जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों को रैली का निमंत्रण दे रहें हैं। विधायक खेमे से प्रचार किया जा रहा है कि यह रैली जिले में अब तक के सभी रिकार्ड ध्वस्त करेगी , लेकिन अंदर खाने देखा जाए तो विधायक द्वारा यह आयोजन अहीरवाल के दिग्गज नेता राव इंद्रजीत सिंह व भाजपा दिग्गज रामबिलास शर्मा को अपनी ताकत दिखाने और जिले में अपना राजनैतिक वजूद दशार्ने की एक कवायद ही है । वैसे विधायक डा. अभय सिंह यादव की तमन्ना अब जोर पकड़ने लगी है और उनकी मंशा है कि अब अगली पारी वह संसद का दरवाजा खटखटा कर शुरू करें । वैसे भी विधायक और राव इंद्रजीत सिंह के बीच पिछले सात सालों से छत्तीस का आंकड़ा बना हुआ है । गाहे- बगाहे दोनो एक-दूसरे की काट करने से पीछे नहीं रहते। फर्क सिर्फ इतना है कि है की राव इंद्रजीत इसे सार्वजनिक नहीं करते लेकिन उनके समर्थक जबाव देने से नही चूकते। वहीं विधायक सीधे सपाट टिप्पणी करने से नही हिचकिचाते हैं। अब जबकि विधायक ने हल्का नांगल चौधरी से बाहर निकल अपनी ताकत दिखाने का मन बनाया है तो स्वाभाविक है कि यह रामपुरा हाउस की राजनीति को चुनौती है। यही एक कारण रैली की सफलता और असफलता से जुड़कर गंभीर मुद्दा बन चुका है। विचारणीय है कि विधायक पिछले एक महीने से गांव दर गांव जाकर लोगों को रैली का निमंत्रण दे रहें हैं और दावा भी कर रहें हैं कि उनकी यह रैली अब तक की सबसे बड़ी रैली होगी। यह भी एक प्रश्न है कि बिना जिले के किसी विधायक या मंत्री ,पूर्व मंत्री को साथ लिए विधायक किस बिनाह पर इतना बड़ा दावा ठोक रहे हैं , यह तो विधायक ही जाने। लेकिन इतना जरूर है कि अब इस आयोजन को लेकर जिले की राजनीति अवश्य गर्मा गई है। उधर मंत्री ओमप्रकाश और पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा ने गत दिनों एक पत्रकार वार्ता के दौरान यह साफ कर दिया था कि उन्हें इस रैली के बारे में कोई जानकारी नहीं है। बात को संभालने के लिए दीपावली पर विधायक अभय सिंह मिठाई और रैली का निमंत्रण लेकर रामबिलास शर्मा के द्वार पर भी पहुंचे लेकिन बात बनी नहीं। जिससे विधायक अभय सिंह के अहं को चोट पहुंची और उन्होंने महेन्द्रगढ़ हल्के के गांवों में दौरों के लिए रामबिलास शर्मा के धुर विरोधी माने जाने वाले पूर्व जिला अध्यक्ष कंवर सिंह को अपने साथ ले लिया। इन सारे हालात में अब यह आयोजन पार्टी के जिला स्तरीय नेताओं व कार्यकताओं के जी का जंजाल बनता जा रहा है। अगर वो रैली में भाग लेते हैं तो एक तरफ रामपुरा हाउस और रामबिलास शर्मा की नाराजगी का डर है और रैली में नहीं जाते हैं तो प्रदेश प्रभारी व विधायक की नाराजगी का डर है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार विधायक अभय सिंह को यह भी डर है कि कही विधानसभा चुनावों के समय राव इन्द्रजीत अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल करते हुए उनका हश्र भी राव नरबीर सिंह और संतोष यादव जैसा करते हुए उन्हें बेटिकट ना कर दें।

## न्यूज फ्लैश

### सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के चुनावों की हुई घोषणा, प्रकिया शुरू: गोठवाल

**टीम एक्शन इंडिया / नारनौल**
**सर्व अनुसूचित** जाति संघर्ष समिति (रजि०), नारनौल की कार्यकारिणी के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा जिला रजिस्ट्रार, फर्मज एण्ड सोसायटीज, नारनौल के निदेर्शानुसार संस्था के प्रशासक-कम-रिटर्निंग आफिसर मुरलीधर गोठवाल रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी में प्रधान एक पद, उपप्रधान एक, महासचिव एक, कोषाध्यक्ष एक व कार्यकारिणी सदस्य तीन पदों के चुनाव प्रक्रिया के तहत अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 20-12-2023, नामांकन दाखिल करना 24-12-2023, नामांकन पत्रों की जांच व वापसी 25-12-2023, चुनाव चिन्ह आबंटन 26-12-2023 तथा मतदान 07-01-2024 को रविदास मंदिर, नारनौल में करवाये जाएंगे। चुनाव परिणाम मतदान पूरा होने के तत्काल बाद घोषित किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है जिसकी प्रति समिति के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। प्रत्येक सदस्य को अपनी वार्षिक नवीनीकरण फीस दिनांक 15-12-2023 तक जमा करवानी अनिवार्य है अन्यथा वह मतदान का अधिकारी नहीं होगा। सदस्यता सूची समिति के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है व सभी सदस्यों को वाट्स अप के जरिए भेज दी गई है। किसी भी अन्य जानकारी के लिए 9896861485, 9416472852, 8307215168 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### भाजपा नेता शेखर यादव ने निवास पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का किया स्वागत



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। सांसद** एवं भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी बहादुरगढ़ आगमन के दौरान भाजपा नेता शेखर यादव के निवास स्थान पर पहुंचे । निवास स्थान पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का भाजपा नेता शेखर यादव ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर तथा फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। भाजपा नेता शेखर यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का पौधा भेंट कर सम्मान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने भाजपा नेता शेखर यादव व मौजूद कार्यकताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है। पार्टी में एक साधारण कार्यकर्ता को भी प्रधान सेवक के बराबर सम्मान दिया जाता है और इसी के चलते भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत की बदौलत आगामी लोकसभा चुनाव में हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज करेगी और तीसरी बार प्रदेश की जनता हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का जनादेश देगी ताकि केंद्र की मोदी व हरियाणा की मनोहर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से निरंतर मिलता रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता शेखर यादव ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि बहादुरगढ़ हलके में अबकी बार कमल खिलेगा और हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनाने में बहादुरगढ़ हलके के लोगों की भागीदारी होगी। भाजपा नेता शेखर यादव ने तीन राज्यों में हुई भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कहा कि यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का अटूट विश्वास है जो भविष्य में भी निरंतर बना रहेगा। इस अवसर पर राजेंद्र भारद्वाज नेशनल इंचार्ज सोशल मीडिया एवं आईटी भाजपा किसान मोर्चा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खेतों से जीरी चोरी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार, 5 वारदातों का खुलासा

**पानीपत/ कमाल हुसैन**
**पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस टीम ने खेतों से जीरी चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फास करते हुए गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान कामिल निवासी पठेड़ कैराना शामली के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने गिरोह में शामिल अपने चार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर खेतों से जीरी चोरी की पांच वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 क्विंटल जीरी बरामद की।
सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान थाना बापौली क्षेत्र में मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक पिकअप लोडिंग गाड़ी में जीरी लोढ़ कर सनौली की तरफ से बापौली की और आ रहा है। जीरी चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए गांव जलालपुर के नजदीक उक्त पिकअप गाड़ी को रूकवाकर ड्राइवर से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान कामिल पुत्र यामिन निवासी पठेड़ कैराना शामली यूपी के रूप में बताई। गाड़ी में लोढ जीरी बारे पूछताछ करने पर वह बहाने बाजी करने लगा। पुलिस टीम ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपी कामिल ने उक्त जीरी अपने चार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर 15 नवम्बर की रात गांव आसन कला के खेतों से चोरी करने बारे स्वीकारा। जीरी चोरी की वारदात बारे थाना मतलौडा में सतबीर निवासी आसन कला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।
थाना मतलौडा में गांव आसन कला निवासी सतबीर पुत्र रोशनलाल ने शिकायत देकर बताया था कि वह खेत में 4 किलों की जीरी रास कर-के 15 नवम्बर की देर रात घर आ गया था। अज्ञात चोर रात के समय 3 किलों की जीरी चोरी कर ले गए।

## 'गुरु नानक देव जी ने लोगों को ठीक रास्ते पर चलने का दिया संदेश'



**गन्नौर। सिखों** के प्रथम गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पंज प्यारों की अगुवाई में सोमवार को पांची गुजरान में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री आशा पूर्व साहिब जी से शुरू होकर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारा में पहुंचा। इसमें कई मनमोहक झांकियां भी सजाई गई थी। संगत ने जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयघोषों से गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने पंज प्यारों व नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा से स्वागत करने के साथ ही प्रसाद वितरित किया।

## श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा में किया गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / महेंदरगढ़**
**श्रीकृष्णा स्कूल** सीहमा में सोमवार को गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चैयरमेन डॉ. बीरसिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य अजीत सिंह द्वारा की गई। इस बारे में जानकारी देते स्कूल प्राचार्य अजीत सिंह ने बताया कि श्रीकृष्णा स्कूल सीहमा में कक्षा प्रथम व दूसरी के विद्यार्थियों के लिए गणित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें भगत सिंह हाउस से पुनित, विश्वास, निशिका, आयुष, रोनित, त्रिशा, श्री, सेजल, चंद्रशेखर आजाद हाउस से काव्या, विधी, मानसी, प्रिया, जिगर, पियुष,




हितेन, अंतिम व सुभाषचंद्र बोस हाउस से ज्ञान, रिषिका, पूर्वी, मानसी, तान्या, यशवी, हिमांशी व वैदिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। मैथ क्विज प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस प्रथम, चंद्रशेखर आजाद द्वितीय व सुभाषचंद्र बोस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन मंजू द्वारा किया गया वहीं स्कोरर की भूमिका मिस स्वाति ने निभाई। इस मौके पर स्कूल चैयरमेन डॉ. बीरसिंह यादव ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मैथ्स क्विज जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें मानसिक रूप से बेहतर बनाती है तथा विद्यार्थियों के गणितीय व तार्किक कौशल में भी वृद्धि होती है।

## इलाके का किसान मेहनती, बिजली पानी की कमी से खेती में घाटा: राव सुखबिन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।जन प्रतिनिधि** ऐसा होना चाहिए जो जनभावनाओं के अनुसार विकास की परियोजनाएं तैयार करके उन्हें पूरा करवा सके और इलाके के हक के लिए लड़ सके अहीरवाल का किसान मेहनती होने के बावजूद पानी और बिजली की कमी के कारण खेती में घाटा उठाता है उक्त विचार दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता और पूर्व सांसद राव मानसिंह के जेष्ठ पुत्र राव



सुखबिन्द्र सिंह ने अपने जन-संपर्क अभियान के दौरान गाँव डोहर कलां, डोहर खुर्द, मोहनपुर और जैलाफ में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये उन्होंने कहा कि केवल सरकार के समक्ष मांग रख देने से समस्याएं दूर नहीं हो पाती यह जरूरी है कि जन प्रतिनिधि परियोजना का पूरा खाका तैयार करके परियोजना को मंजूर और पूरा करवाएं।

## माजरी के पास ट्रेन से गिरे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**गन्नौर।** भोड़वाल माजरी रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात ट्रेन से रविवार को दोपहर बाद गिरे युवक ने रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक युवक की राहुल शक्ति नगर पानीपत का रहने वाला था। जीआरपी ने मामला दर्जकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश ने बताया कि रविवार की दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली थी कि अज्ञात युवक दिल्ली- पानीपत रेलमार्ग पर ट्रेन से गिर गया है। सूचना के बाद पहुंची जीआरपी ने घायल राहुल को उपचार के लिए गन्नौर खानपुर मेडीकल में दाखिल करवाया।

## पूर्व मंत्री मांगेराम के पुत्र नंबरदार सतीश समर्थकों संग भाजपा में शामिल



**सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़। हरियाणा** सरकार में मंत्री रहे स्वर्गीय मांगेराम नम्बरदार के पुत्र तथा स्वर्गीय जगदीश नंबरदार के छोटे भाई नंबरदार सतीश अपने हजारों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। कार्यालय पर पहुंचे नंबरदार सतीश ने सांसद एंव हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व सांसद डॉ अरविंद शर्मा का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पूर्व मंत्री मांगेराम के पुत्र नंबरदार सतीश को पटका पहनाकर भारतीय जनता पार्टी परिवार में विधिवत रूप से शामिल किया। नंबरदार सतीश, परिजनों व उनके समर्थकों को भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल करते हुए सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि सतीश नंबरदार व उनके हजारों समर्थकों को भारतीय जनता पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। नायब सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत की बदौलत एक सेवक के रूप में प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसद विधायक ,चेयरमैन व अन्य पद पर बैठकर राष्ट्र व जनता की सेवा कर सकता है जबकि अन्य सभी राजनीतिक पार्टियां वंशवाद व परिवारवाद के मोह में फंसी हुई है। भाजपा में शामिल होने के उपरांत पूर्व मंत्री मांगेराम के पुत्र नंबरदार सतीश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र को समर्पित पार्टी है जबकि अन्य राजनीतिक पार्टियां अपने राजनीतिक हित साधने के लिए कार्यकताओं का इस्तेमाल करती है।

## कांग्रेस नेताओं ने किया कार्यालय का उद्घाटन

**एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**
**पांच राज्यों** के चुनाव के बाद हरियाणा में भी चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दीपेंद्र सिंह गैलरी ब्रिगेड इंडिया के राष्ट्रीय सचिव मैड्रिड ने गोहाना से देहरादून रोड पर अपने कार्यालय का उद्घाटन किया। आमिर ने आवास-भंडारे के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद प्रवचन का आयोजन भी किया गया। उन्होंने बौद्ध धर्म के माध्यम से बड़ौदा हल्के से अपना ताल ठोक दिया है। क्षेत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच




एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ब्रम्हांड सिंह सैमन उपस्थित रहे। कार्यालय के उद्घाटन पर बाबा कल्याणगिरी महाराज, बाबा चमन नाथ के स्थान पर आधे संतों ने अपना आशीर्वाद दिया। कार्यालय पर आवास। घरों में आहुति डालने के लिए सैंकड़ों की संख्या में महिलाओं को भी बताएं। तारांकित सिंह सैमन ने कहा कि भाई स्टुअर्ट श्रमिक हैं। हल्के की सेवा लगातार कर रहे हैं। उन्होंने जनता से सहयोग करने की अपील की। आमिर अमीर ने कहा कि मेरा उद्देश्य हलके की सेवा करना है। इसके साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह की दुकान के हाथ मजबूत हैं। उन्होंने हलके की जनता को आशीर्वाद जारी रखने की अपील की। इस संस्था के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह डेयरी ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह, गोहाना के विधायक जगबीर सिंह अमीर के पुत्र डॉक्टर गौरव अमीर, वरिष्ठ नेता डॉक्टर कपूर सिंह नरवाल, आहुलाना बारहा के प्रधान आमिरराज अमीर, वरिष्ठ नेत्री राकेश देवी गुड़िया, रुखी सरपंच राजमल, पुथी सरपंच आनंद आदि मौजूद रहे।

## किसी भी प्रोजेक्ट में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** जिला महेंद्रगढ़ में विभिन्न मौकों पर प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणाओं को अधिकारी जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाएं। ये निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों को दिए।
डीसी ने कहा कि किसी भी प्रोजेक्ट में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। जहां पर जमीन की जरूरत है वहां संबंधित पंचायतों के साथ अधिकारी बैठक करके



मामले को जल्द से जल्द सिरे चढ़ाएं।
उन्होंने कहा कि जहां भी किसी प्रोजेक्ट को लेकर न्यायालय में मामले चल रहे हैं उनमें अच्छी तरह से पैरवी की जाए तथा बेहतरीन तरीके से अपना पक्ष रखा जाए।
उपायुक्त ने पहले से ही चल रहे विकास कार्यों के संबंध में भी अधिकारियों को
निर्देश दिए कि ये कार्य भी एक निश्चित समय सीमा के अंदर संपन्न होने चाहिए ताकि आम नागरिकों को जल्द से जल्द इसका फायदा मिले।

## गन्नौर: स्कूल के छात्रों ने विभिन्न खेलो में किया बेहतर प्रदर्शन

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**जी टी** रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि भारत केसरी एवं अन्तर्राष्टीय पहलवान मौसम खत्री, स्कूल के निदेशक बी. बी गुप्ता, बाल भवन दिल्ली की प्रधानाचार्या रचना गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इसके अलावा विशिष्ठ अतिथि नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी, द्रोणाचार्य अवार्डी सुरजीत मान ने शिरकत की। सभी अतिथियों का स्कूल में पहुंचने पर खत्री का स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत ने बूके देकर स्वागत किया। स्कूल के नन्हें- मुन्ने छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर



अभिभावकों का मन मोह लिया। खेलो की शुरूआत मुख्यातिथियों ने प्रधानाचार्य के सहयोग से मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप जलाकर की। स्कूल के छात्रों ने बोरी रेस, दौड़, व नन्हें बच्चों की दौड़ के अलावा विभिन्न खेलो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भारत केसरी एवं अन्तर्राष्टीय पहलवान मौसम खत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल भवन स्कूल शिक्षा के साथ खेलो की तरफ विशेष ध्यान दे रहा है। खेलो में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन को देख लगता है कि स्कूल के छात्र खेलो की तैयारियों में लगे हुए है। खत्री ने कहा कि खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। इसलिए जीवन में कोई न कोई खेल आवश्य खेलना चाहिए।
नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलो में भी स्कूल ने कम समय में बेहतर पहचान बनाई है। इसके लिए वे संस्था के संचालक की सराहना करते है। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हर साल स्कूल में खेल उत्सव का आयोजन करते है। अभिभावकों, शिक्षकों ने कार्यक्रम को बेहतर तरीके से सफल बनाया। हमारा प्रयास रहता है कि शिक्षा के साथ खेलो पर ध्यान दिया जाता है। सभी छात्र शिक्षा के साथ खेलो में अपने अभिभावक का नाम रौशन करे। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार जताया।

**शिक्षा व खेलो के क्षेत्र में ये मेधावी हुए सम्मानित**
खेल उत्सव के दौरान दसवीं कक्षा में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त अवनी, द्वितीय स्थान प्राप्त शुभम कुमार, तृतीय स्थान प्राप्त भूमिका को व बाहरवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त सक्षम, द्वितीय स्थान प्राप्त देव देशवाल, तृतीय स्थान प्राप्त हर्ष को मुख्यातिथि ने शिल्ड व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्राफी व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


# पंच प्रण ही विकसित भारत की राह : योगी

## विकसित व आत्म-निर्भर भारत की राह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण हैं।

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर राह किसी न किसी मंजिल तक पहुंचाती है। सही मंजिल के लिए सही राह चुनने की जरूरत है। अभी देश को विकसित और दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना ही लक्ष्य है। विकसित व आत्म-निर्भर भारत की राह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण हैं। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1932 में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज द्वारा स्थापित और उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज द्वारा पुष्पित-पल्लवित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अपने संस्थापकों की भावनाओं के



अनुरूप तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील है। शैक्षिक पुनर्जागरण के साथ ही यह परिषद स्वास्थ्य और सेवा के अन्य तमाम प्रकल्पों को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप, महंत दिग्विजयनाथ, महंत अवेद्यनाथ हों या अन्य ऋषि-मुनि, महापुरुष, सबका एक ही ध्येय रहा, राष्ट्र प्रथम का। उनकी भावना पृथ्वी को माता मानने की और तेरा वैभव अमर रहे मां के अनुरूप कार्य करने की रही।

**भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, स्वाभिमान और स्वावलंबन की प्रतिमूर्ति हैं। देश को ऐसी ही भावनाओं से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत वर्ष में पंच प्रण की राह पर चलने का लक्ष्य दिया है। पंच प्रण यानी गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत का सम्मान, महापुरुषों, लोक कलाओं-परम्पराओं पर गौरव, एकता का संकल्प और नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन। हम यदि पंच प्रण के अनुरूप राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करें तो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## 'जन समस्या समाधान में कोताही बर्दाश्त नहीं'

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं। समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे। समस्याएं सुनीं। उन्होंने लगभग 300 लोगों से मुलाकात की। उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने का भरोसा दिया। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। त्वरित



और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया। यह भी भरोसा दिया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री योगी ने सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद का भरोसा दिया। इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए।

## फास्ट न्यूज

### दोस्तों संग मिलकर भाई ने बहन के साथ किया दुष्कर्म

**भुवनेश्वर:** ओडिशा के कंधमाल जिले में एक व्यक्ति ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर अपनी बहन के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और फिर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना तीन नवंबर को चाकापड पुलिस थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस द्वारा मामले का खुलासा करने के बाद व्यक्ति और उसके दोस्तों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि महिला (25 वर्षीय) को पता चल गया था कि उसके भाई का उसकी भाभी के साथ अवैध संबंध हैं। उसने उसे इसे खत्म करने के लिए कहा और चेतावनी दी कि अन्यथा वह दूसरों को इसके बारे में बता देगी। उन्होंने बताया कि बहन को रोकने के लिए उसने एक योजना बनाई। घटना के दिन महिला पास के जंगल में सियाली के पत्ते लेने गई थी। उसका बड़ा भाई भी अपनी गायों के साथ वहां था। उसने अपने चार दोस्तों को जंगल में बुलाया, उन्हें नशे में धुत किया और शराब के नशे में उन्होंने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। चाकापड पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक ललित मोहन सागर ने बताया कि महिला ने जब इसका विरोध किया तो उन्होंने उसका गला घोंट दिया। फिर कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि भाई ने छह नवंबर को पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई थी।

### मायावती ने 10 दिसंबर को लखनऊ में बुलाई राष्ट्रीय बैठक

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अपने कार्यकताओं को सक्रिय करने के लिए 10 दिसंबर को लखनऊ में राष्ट्रीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में मायावती चार राज्यों में आए चुनाव परिणामों पर भी चर्चा करेंगी। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोमवार को सोशल मीडिया साइट एक्स के माध्यम से बैठक की जानकारी दी है। साथ ही मायावती ने कहा कि देश के चार राज्यों के आए एकतरफा परिणाम सभी को अचंभित, शंकित, चिंतित करने वाले हैं। चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले नहीं उतर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बसपा के लोगों ने पूरे तन, मन, धन से यह चुनाव लडा है। उन्हें ऐसे चुनाव परिणाम से निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्हें बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना है।

### लखनऊ मार्ग दुर्घटना में अधिवक्ता की मौत

**लखनऊ।** मडियांव थाना क्षेत्र स्थित भिठौली क्रासिंग के पास सोमवार को डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार वकील की मौत हो गई है। चौकी इंचार्ज अजीज नगर कर्ण प्रताप सिंह ने बताया कि मड़ियांव के रायपुर निवासी अधिवक्ता लालबहादुर (55) सोमवार की सुबह स्कूटी से कहीं जा रहे थे। आईआईएम रोड की ओर से आए तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर से लाल बहादुर स्कूटी सहित सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच आसपास के लोग पहुंचे तब तक चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला।

## भारी बारिश के कारण चेन्नई के कई इलाकों में जलभराव



**टीम एक्शन इंडिया/पुडुचेरी**
चक्रवात मिचौंग के पश्चिमी मध्य बंगाल की खाड़ी, दक्षिण आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु से टकराने की उम्मीद है। इस संभावना को देखते हुए पुडुचेरी के जिला अधिकारी ने समुद्री इलाकों के आसपास धारा 144 लागू कर दिया है। जिला अधिकारी ने तीन दिसंबर की शाम सात बजे से पांच दिसंबर की शाम छह बजे तक लोगों को सुमद्री तटीय इलाकों में नहीं जाने का निर्देश दिया है। इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्देश का उल्लंघन करने वाले को जुमार्ना या छह महीने की जेल की सजा सुनाई जाएगी। मौसम विभाग ने शुक्रवार को तमिलनाडु के उत्तर तटीय क्षेत्र, पुडुचेरी और करईकल में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में तीन दिसंबर से चार दिसंबर तक भारी बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठ रहे चक्रवात मिचौंग के आंध्र प्रदेश के वेलोर और मछलीपट्टनम में मंगलवार की दोपहर को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के चलने की आशंका है। यह चक्रवाती तूफान फिलहाल दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के पास उठ रहा है। भारी बारिश के कारण चेन्नई में जलभराव हो गया। इस वजह से अलंदूर के थिलई गंगा नगर सबवे को बंद कर दिया गया है। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश के बीच कनाथुर क्षेत्र में एक निमार्णाधीन दीवार ढह गई। इस हादसे में दो की मौत और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण पूर्वी तटीय क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं।

**वर्षा का कहर**

ꕥ इस संभावना को देखते हुए पुडुचेरी के जिला अधिकारी ने समुद्री इलाकों के आसपास धारा 144 लागू कर दिया है



पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने सोमवार को पीएम मोदी से मुलाकात की।

## मेरठ में तीन सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**मेरठ।** मेरठ में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस तीनों मामलों की छानबीन में जुटी है। खरखौदा कस्बा निवासी नगर पंचायत के पूर्व सभासद देवेंद्र त्यागी का इकलौता बेटा शिवम त्यागी रविवार की देर रात के बाद अपनी कार से हापुड़ क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था। जैसे ही मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर नालपुर कट के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रही रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी, जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए।

## बदायूं में मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/बदायूं**
सिविल लाइन थाना के आरिफपुर नवादा के पास रविवार की रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। युवक का साथी घायल है। दोनों शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव पड़ोलिया के रहने वाले बदन सिंह और लालाराम अपने बहनोई के घर कुंवरगांव से रविवार देर रात दावत खाकर घर लौट रहे थे।

## भाजपा की प्रचंड जीत पर उतारी गई मां गंगा की आरती



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत को लेकर नमामि गंगे ने सोमवार को दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती उतारी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लेकर मां गंगा से पीएम मोदी के लिए आशीर्वाद भी मांगा । नारी शक्ति का नेतृत्व कर रहीं मां गंगा की आरती उतार कर सदस्यों ने पीएम मोदी के आवाह्न 'नारी शक्ति वंदन' का अभिनंदन किया। इसके बाद सनातनी संस्कृति की आत्मा सदानीरा मां गंगा की स्वच्छता के लिए सभी को संकल्पित किया गया। नमामि गंगे टीम ने गंगा किनारे फैली गंदगी को समेटकर कूड़ेदान तक पहुंचाया । स्वच्छता को संस्कार में शामिल करने की अपील की गई । लाउडस्पीकर से 'गंदगी है तो बीमारी है, सफाई है तो स्वास्थ्य है' का संदेश दिया गया । काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा की तीन राज्यों में प्रचंड जीत के लिए महिलाओं का योगदान सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व पर जोर दिया है।

## मुख्यमंत्री शिवराज से मिलकर कमलनाथ ने दी विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में जीत के बाद राजनीतिक दल और नेता भाजपा नेताओं को बधाई दे रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने सीएम हाउस पहुंचे और विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत की बधाई दी। मुख्यमंत्री निवास में हुई दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान कमल नाथ के सुपुत्र नकुल नाथ भी साथ थे। कमलनाथ ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्यमंत्री शिवराज को विधानसभा चुनाव जीतने की बधाई दी। मुख्यमंत्री शिवराज ने मुस्कुराकर कमलनाथ का स्वागत किया और उनकी बधाई को स्वीकार किया।



**खतरा**

### देश में किसी भी सूरत में ओपीएस लागू नहीं किया जाएगा

## राजस्थान, छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन पर मंडराया खतरा

**टीम एक्शन इंडिया/मध्यप्रदेश**
**मध्यप्रदेश** और राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा बहाल की गई 'पुरानी पेंशन' व्यवस्था पर अब खतरा मंडराने लगा है। इन दोनों राज्यों में भाजपा ने प्रचंड जीत दर्ज कराई है। केंद्र सरकार ने 'पुरानी पेंशन' को लेकर पहले ही अपनी मंशा जाहिर कर दी है। देश में किसी भी सूरत में ओपीएस लागू नहीं किया जाएगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी, इस विषय में अपनी राय स्पष्ट कर चुके हैं। एनपीएस में सुधार के लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद एनपीएस में बदलाव किया जा सकता है।



नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा है, ये संभावना नहीं, बल्कि तय समझें कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अब 'पुरानी पेंशन' व्यवस्था खत्म हो सकती है। इस बाबत एनएमओपीएस की कार्यकारिणी की बैठक में विचार होगा। देश में 'पुरानी पेंशन' व्यवस्था बहाल होने तक कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा। विजय कुमार बंधु ने बताया, राजस्थान सहित दूसरे प्रदेशों के चुनाव में ओपीएस का मुद्दा प्रभावी रहा है। अगर राजस्थान के पोस्टल बैलेट को देखें, तो उसमें 170 से अधिक सीटों पर कांग्रेस पार्टी आगे रही थी। इसी तरह मध्यप्रदेश के चुनावी नतीजों का विश्लेषण किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि ओपीएस ही चुनावी हार-जीत का प्रमुख कारण रहा है। यह कह सकते हैं कि हार-जीत के समीकरणों को तय करने के लिए जो अहम वजह होती हैं, उनमें से एक ओपीएस है। अगर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन व्यवस्था को खत्म किया जाता है, तो उसके खिलाफ सरकारी कर्मचारी आवाज उठाएंगे। इस आंदोलन को देश के हर हिस्से में ले जाया जा रहा है। इस कड़ी में पटना में 10 दिसंबर को पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए सरकारी कर्मियों की एक बड़ी रैली आयोजित होगी।



संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 05 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 325 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## डबल डेकर भूमिगत मेट्रो स्टेशन में एंट्री के लिए निगम देगा जमीन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सदर बाजार डबल डेकर भूमिगत मेट्रो स्टेशन में एंट्री के लिए दिल्ली नगर निगम जमीन देने के लिए तैयार है। दिल्ली में सबसे अधिक भीड़भाड़ वाले सदर बाजार में भूमिगत मेट्रो लाइन तो किसी सूरत में पहुंच गई, लेकिन स्टेशन के एंट्री गेट के लिए यहां जमीन नहीं मिल पा रही थी। डीएमआरसी को बड़ी मुश्किल से निगम की 348.754 वर्ग मीटर जमीन यहां मिल गई है। निगम ने जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को सदन से मंजूरी प्रदान की है। दिल्ली मेट्रो फेज चार के अंतर्गत निमार्णाधीन जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कारिडोर पर सदर बाजार मेट्रो स्टेशन दिल्ली का पहला डबल डेकर मेट्रो स्टेशन बन रहा, जहां मेट्रो के आवागम के लिए अप और डाउन लाइन एक दूसरे के समानांतर नहीं, बल्कि एक दूसरे के ऊपर-नीचे बनाए जा रहे।

इसकी वजह ये है कि सदर बाजार में स्टेशन के लिए जगह कम पड़ रही। दूसरी ओर जमीन की सतह पर तो खाली जगह को लेकर हालत इससे कहीं ज्यादा खराब है। करीब 2019 में फेज चार कॉरिडोर के लिए काम शुरू हुआ, सदर बाजार मेट्रो स्टेशन के एंट्री-एग्जिट गेट के लिए डीएमआरसी को तब से जगह की तलाश थी, लेकिन कहीं भी जगह नहीं मिल रही थी। अब निगम ने 61,06,212 रुपये कीमत पर अपनी ये जमीन निगम को देने का निर्णय लिया है।

**हर साल जमीन की कीमत का पांच फीसदी मिलेगा**
एमसीडी ने डीएमआरसी को महत्वपूर्ण शर्तों पर अपनी जमीन बेची है। इसके तहत निगम को उसकी जमीन की कीमत का पांच फीसदी हर साल डीएमआरसी से किराए के रूप में मिलेगा।

# प्रदूषण से दिल्लीवालों को जल्द नहीं मिलेगी राहत

## एनसीआर के प्रमुख शहरों में एयर इंडेक्स 300 से कम होने के कारण हवा की गुणवत्ता खराब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी में पिछले पांच दिनों से प्रदूषण का स्तर धीरे-धीरे कम हुआ है। फिर भी एयर इंडेक्स 300 से ऊपर बरकरार है। इस वजह से दिल्ली में सोमवार को भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब रही। वहीं, एनसीआर के प्रमुख शहरों में एयर इंडेक्स 300 से कम होने के कारण हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह के वक्त कोहरा और दिन में हवा शांत होने के कारण दिल्ली में अगले छह दिनों तक हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में निचले स्तर पर बरकरार रह सकती है। इसलिए प्रदूषण से अभी ज्यादा राहत मिलने की संभावना नहीं है।





**बेहद खराब श्रेणी में एक्यूआई**
सीपीसीबी द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली का एयर इंडेक्स 310 रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में है। एक दिन पहले पहले दिल्ली का एयर इंडेक्स 314 था। दिल्ली में नेहरू नगर, रोहिणी, द्वारका सेंटर आठ, मुंडका व आरके पुरम में प्रदूषण सबसे अधिक रहा। वहीं, दिल्ली के 35 प्रदूषण निगरानी केंद्रों में से दस जगहों पर एयर इंडेक्स 300 से कम खराब श्रेणी में रहा। शादीपुर और आया नगर में प्रदूषण सबसे कम रहा। इन दोनों जगहों पर एयर इंडेक्स क्रमशः 224 और 225 रहा।

आर-आसमान पोर्टल के अनुसार, सोमवार दिल्ली के प्रदूषण में सबसे ज्यादा 55 प्रतिशत भागीदारी बायोमास (लकड़ी, उपले, कृषि अपशिष्ट व पराली) जलाने के कारण निकलने वाले धुएं की रही। इसके अलावा 34 प्रतिशत भागीदारी वाहनों की रही। कूड़े के धुएं की भागीदारी तीन प्रतिशत रही। फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 237, गाजियाबाद का 216, ग्रेटर नोएडा का 255, गुरुग्राम का 224, नोएडा का एयर इंडेक्स 243 रहा।

### दिल्ली के पर्यटन को लगा प्रदूषण का ग्रहण

**प्रदूषण** के चलते विदेशी पर्यटक राजधानी घूमने नहीं आ रहे हैं। इससे टूर-ट्रैवल के कारोबार में असर देखने को मिल रहा है। प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होने से विदेशी पर्यटकों की भारत यात्रा को पुनर्निर्धारण, मार्ग परिवर्तन और रद्द करना पड़ रहा है। क्योंकि वे अपनी यात्रा योजना से दिल्ली को हटा रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या भ्रमण के बजाए पहाड़ी स्टेशनों का विकल्प चुन रहे हैं। जिससे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, कश्मीर, गोवा व लद्दाख जा रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, इजराइल व मैक्सिको समेत अन्य देशों के सैलानी सर्दी के मौसम में यहां घूमने आते हैं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन संवाददाताओं को संबोधित करते हुए।


## आंकड़े: 2022 में 4.45 लाख महिलाए हुईं अपराध का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,45,256 केस दर्ज हैं। हर एक घंटे पर 51 एफआईआर दर्ज की जाती हैं। एनसीआरबी डाटा के अनुसार, 2021 में 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 से अधिक मामले दर्ज किए गए। एनसीआरबी की वार्षिक अपराध रिपोर्ट के आंकड़ों से पता चलता है कि प्रति लाख आबादी पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 66.4 थी, जबकि ऐसे मामलों में आरोप पत्र दाखिल करने की दर 75.8 थी।

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ ज्यादातर अपराध पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता (31.4 प्रतिशत) के थे, इसके बाद महिलाओं का अपहरण (19.2 प्रतिशत), महिलाओं पर उनकी नम्रता को भंग करने के इरादे से हमला (18.7 प्रतिशत) और दुष्कर्म (7.1 प्रतिशत) के मामले शामिल हैं। देश में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ कई किए अपराध सबसे अधिक हैं। 2022 में 14,247 मामले दर्ज किए गए। मामलों के हिसाब से अपराध की उच्चतम दर 144.4 दर्ज की गई, जो देश की औसत दर 66.4 से काफी अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली में ऐसे मामले 2021 में 14,277 और 2020 में 10,093 थे।

## दिल्ली आबकारी घोटाला: सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश दिया। आज कोर्ट में ईडी ने अर्जी दाखिल कर कहा कि संजय सिंह के खिलाफ दाखिल चार्जशीट को सीलबंद रखा जाए, जिससे गवाहों की पहचान न हो सके। ईडी की अर्जी पर संजय सिंह के वकील ने कहा कि गवाह के नाम को छोड़ कर बाकी चार्जशीट उन्हें दी जा सकती है। तब कोर्ट ने ईडी से पूछा कि आपने उनका नाम लिखा ही क्यों। आप उनकी गवाही लिख



सकते थे। उनका नाम बताने का क्या मतलब था। तब संजय सिंह की ओर से कहा गया कि ऐसा लगता है कि जानबूझ कर किया गया है। ईडी अपनी चार्जशीट वापस ले। संजय सिंह की ओर से कोर्ट से शिकायत करते हुए कहा कि चार्जशीट दाखिल करने से पहले ही मीडिया को लीक किया गया है। अगर चार्जशीट सीलबंद है तो वह मीडिया के पास कैसे पहुंची। संजय सिंह के वकील ने आरोप लगाया कि चार्जशीट अधूरी है। आज संजय सिंह की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। 24 नवंबर को कोर्ट ने आज तक की न्यायिक हिरासत बढ़ाई थी। ईडी ने 2 दिसंबर को पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने पूरक चार्जशीट में संजय सिंह को आरोपित बनाया है। ईडी के मुताबिक दो करोड़ का लेनदेन दो किश्तों में किया गया। यह लेनदेन संजय सिंह के घर पर हुआ। इसकी पुष्टि दिनेश अरोड़ा ने की थी। ईडी के मुताबिक सर्वेश को संजय सिंह के घर पर पैसा दिया गया।

## एआई के 25 हवाई अड्डे तीन साल के पट्टे पर दिए जाएंगे

**नई दिल्ली।** देश में 14 हवाई अड्डे सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत संचालित हो रहे हैं। एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के 25 हवाई अड्डे वर्ष 2022 से 2025 तक पट्टे पर देने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (सेनि.) डा. वीके सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। डा. वीके सिंह ने बताया कि योजना के तहत देश में हवाई अड्डों के विकास के लिए 4500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी तरह से तमिलनाडु राज्य में हवाई अड्डों को विकसित करने के लिए 97.88 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## हाईकोर्ट ने राजनीतिक प्रचार में लोकसेवकों का इस्तेमाल मामले पर की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले नौ वर्षों में सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित करके राजनीतिक प्रचार फैलाने के लिए लोक सेवकों और रक्षा कर्मियों के कथित उपयोग के खिलाफ एक जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र से रुख मांगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सरकार को अपनी कल्याणकारी योजनाओं को लोकप्रिय बनाने पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार के वकील से पिछले नौ वर्षों में किए गए कामों का प्रचार करने के लिए निर्देश लेने के लिए



कहा। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर भी शामिल थी। उन्होंने कहा कि आप हालिया कह सकते हैं। नौ साल क्यों? इसे हालिया मुद्दे या घटनाक्रम बनाएं। वकील प्रशांत भूषण द्वारा प्रस्तुत याचिकाकर्ता ईएएस सरमा और जगदीप एस छोकर ने कहा कि रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए कार्यों को बढ़ावा देने के लिए सैनिकों को निर्देश देने के साथ कई सेल्फी पॉइंट स्थापित किए जा रहे हैं। लोक सेवकों को विकसित भारत संकल्प में विशेष अधिकारियों के रूप में तैनात किया जा रहा है। भूषण ने तर्क दिया कि सरकार की विकास गतिविधियों को प्रचारित करने के बारे में नौ अक्तूबर को रक्षा लेखा महानियंत्रक और 17 अक्तूबर को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी संचार जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत भ्रष्ट आचरण है, जो सार्वजनिक उपयोग पर रोक लगाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारियों का इस्तेमाल करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द कर दिया गया था।


## 30% रिटर्न का झांसा देकर करोड़ों रुपये लेकर भागा दुकानदार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कमेटी के पैसों पर 24 से 30 प्रतिशत रिटर्न देने का झांसा देकर एक शातिर ने आसपास के करीब 100 लोगों से चार करोड़ से ज्यादा रुपये इकट्ठा किए व फिर घर बेचकर और उनके पैसे लेकर फरार हो गया। रोहिणी इलाके के विजय विहार के सिक्योरिटी गार्ड, महिला, बुजुर्ग, व्यवसायी उसकी नौ महीने से तलाश कर रहे हैं, लेकिन ठग का कोई अता पता नहीं है। ठग की पहचान विजय विहार के पवन सिंह चौधरी के रूप में हुई है। 18 लोगों से करीब एक करोड़ रुपये की ठगी की शिकायत प्राप्त होने के बाद आर्थिक अपराध शाखा ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। 18 वो लोग हैं, जो पुलिस के पास पहुंचे हैं। उनके अलावा और भी काफी ऐसे लोग हैं जो पुलिस के पास पहुंच ही नहीं पाए।

रोहिणी स्थित विजय विहार के रहने वाले लोगों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि विजय




विहार के पवन सिंह चौधरी अपने घर के नीचे किरयाना की दुकान चलाता था।सभी लोग उनकी दुकान से दूध, चीनी आदि खाद्य पदार्थ भी खरीदते थे। पवन सिंह चौधरी यहां पर 25 वर्ष से रह रहा था। जब भी कोई ग्राहक उनके पास आता था तो वह उसे कमेटी डालने को कहता था। उन्हें 24 से 30 प्रतिशत रिटर्न मिलने का लालच दिखाकर कई स्कीम के बारे में बताता था। इसके बाद वह लोगों को अपना पैसा बैंक में डालने की बजाय कमेटी में लगाने को कहता था। इसी लालच में लोग उनके पास कमेटी में पैसा लगाने लगे।पहले वह लोगों को कहे अनुसार पैसे समय पर देता था। ऐसा करके धीरे धीरे उसने आसपास के लोगों का विश्वास जीत लिया।इसके बाद लोग उनके पास कमेटी में पैसा लगााने लगे। शुरूआत में वह लोगों से कमेटी की किश्ते लेता था और लोगों को पैसे भी दे रहा था, लेकिन धीरे-धीरे उसने लोगों को पैसे देने बंद कर दिए। लोग जब भी उससे पैसे मांगते थे तो वह उन्हें 24-30 प्रतिशत अधिक ब्याज के साथ उनके पैसे देने का वादा करता था। सितंबर-अक्टूबर 2022 के आसपास उसने कमेटी के पैसे लोगों को देने बंद कर दिए। कोई न कोई झांसा देकर वह लोगों से कमेटी डलवाता रहा। इसके बाद मार्च में वह अपना घर दुकान सब बेचकर भाग गया। 15 से 20 कमेटी एक बार में चलाता था आरोपी पवन चौधरी 15 से 20 कमेटी चलाता था। वह तीन लाख रुपये की कमेटी के लिए 20 महीने तक 20 लोगों से 15-15 हजार रुपये लेता था। कमेटी की पहली किस्त की राशि को वह अपने पास रखता था और इसके बाद जो भी कमेटी के लिए ज्यादा पैसे की बोली लगाता था, उसे पैसे मिल जाते थे। इससे दूसरों को कम पैसे का भुगतान करना पड़ता था। कुआं पूजन की बात कह विजय विहार से निकला था आरोपी आसपास के लोगों ने बताया कि पहले वह साइकिल पर चलता था और पत्नी व तीन बच्चों (एक लड़की व दो लड़के) के साथ रहता था। उसकी छोटी सी दुकान थी। जैसे ही उसने कमेटी का काम करना शुरू किया।



# तीन राज्यों में भाजपा ने लहराया जीत का परचम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की भारी भरकम जीत पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि ह्लतीन राज्यों में भाजपा की जीत ने सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश को सही रास्ते पर लेकर जा रहे है और यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत है। गृह मंत्री अनिल विज अम्बाला छावनी में निकलसन रोड पर भाजपा कार्यालय के समक्ष चुनावी जीत के जश्न को कार्यकताओं के साथ मना रहे थे। इसी दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ह्लयह तो केवल झांकी है अभी भारत बाकी हैह्व और सारे भारत में लोग ऐसा सोचते है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में जब समा आएगा तो भाजपा पूरी तरह से विपक्षी दलों को धाराशाही करेंगे। छत्तीसगढ में कांग्रेस के छत्तीस का आंकड़ा पार नहीं करने के प्रश्न पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस हो या अन्य पार्टियां हो, लोगों ने सभी को नकार दिया है और लोग चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी की जीत हो। वहीं, चुनाव में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पनौती कहा था कि जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस को अब पता चल गया होगा कि राहुल गांधी स्वयं पनौती है जिस दिन से वह कांग्रेस में सक्रिय हुए है कांग्रेस लगातार नीचे ही नीचे जा रही है।



हरियाणा में हमने **पहले ही लट्ठ गाड़े हुए हैं : गृह मंत्री अनिल विज** गृह मंत्री अनिल विज ने तीन राज्यों के चुनावों पर हरियाणा में असर को लेकर पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि हरियाणा में हमने पहले ही लठ गाड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का फैसला सर्वोपरि होता है और जनता ने अपना फैसला सुना दिया है कि हिंदुस्तान की जनता भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी के साथ है।

**गृह मंत्री ने जीत की खुशी में बांटे लड्डू, पार्टी कार्यालय के समक्ष जमकर हुई आतिशबाजी**

रविवार देर शाम अम्बाला छावनी निकलसन रोड स्थित भाजपा कार्यालय के समक्ष भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी की जीत का जश्न ढोल नगाड़ों की थाप पर मनाया। कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की। तो वहीं गृह मंत्री अनिल विज ने कार्यकताओं के साथ जीत की खुशी मनाई और उन्हें लड्डू बांटे व जीत की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जसबीर सिंह जस्सी, राजीव गुप्ता डिंपल, विजेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, श्याम सुंदर अरोड़ा, संजीव सोनी, नरेंद्र राणा, भूपेंद्र सिंह बिंद्रा, रामबाबू, बलकेश वत्स, ललिता प्रसाद, प्रमोद लक्की, अनिल कौशल, नीरज शर्मा, रमेश सैनी, दीपक ओबेरॉय, दीपक भसीन, विकास जैन, अजय बवेजा, सुरेंद्र सेठी, भूपेश शर्मा, विकास उप्पल, इकबाल डांडा, विजय गुप्ता, आरती सहगल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पानीपत: सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने टीडीआई में कार्यालय का किया उद्घाटन



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हरियाणा को** फिर से विकास की पटरी पर लाने और भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए वोट की चोट देना जरूरी है। वोट की चोट देने से हरियाणा को भाजपा-जजपा सरकार से मुक्ति मिलेगी। यह शब्द राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आज हरियाणा कांग्रेस ओबीसी के उपाध्यक्ष अमर सिंह रावल द्वारा टीडीआई में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में बोलते हुए कहे। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे वादे कर कर सत्ता में आई थी। आज बेरोजगारी व महंगाई से जनता परेशान है। हरियाणा में जनता परिवर्तन चाहती है। परिवर्तन लाने के लिए लड़ाई लडनी होगी। जिसमें सभी वर्गों का साथ होना जरूरी है। टीडीआई में आयोजित रैली में अमर सिंह रावल काबड़ी के पिता सुखबीर रावल एवं पवन सिंह जैलदार ने दीपेंद्र हुड्डा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, विधायक धर्म सिंह छौक्कर, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, विधायक बलबीर वाल्मीकि, प्रो.विरेंद्र सिंह को राजेंद्र नंबरदार व सुभाष रावल ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। रैली के आयोजक अमर सिंह रावल ने अभी अतिथियों को शाल उड़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अतिथियों का बड़ी माला पहनाकर भी स्वागत किया गया। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने अमर सिंह रावल द्वारा टीडीआई में क

**सम्मान**

**8 रैली में अमर सिंह रावल काबड़ी के पिता सुखबीर रावल एवं पवन सिंह जैलदार ने दीपेंद्र हुड्डा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।**

बनाए गए कार्यालय का भी विधिवत रूप से रिबन काटकर उद्घाटन किया। वहीं जनता के मनोरंजन के लिए गौतम भाटी और पार्टी एवं रणवीर रणवीर बडवासनीया ने प्रस्तुति दी। रैली में ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया और अतिथियों पर पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया। मंच संचालन तिलक राज कोच ने किया। रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान, विधायक धर्म सिंह छौक्कर, बलबीर वाल्मीकि, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व मंत्री बिजेंद्र कादियान बिल्लू, महेंद्र कादियान, पूर्व मेयर सुरेश वर्मा, जितेंद्र अहलावत, सचिन कुंडू, चाणक्य पंडित, अजब सिंह तंवर, जगदेव मलिक, महीपाल सूबेदार, प्रियांस मलिक, शशि लूथरा, सरोज सांगवान, बिंटू मलिक, आर्य सुरेश मलिक, रमेश मलिक, शौर्यवीर कादियान, बुल्ले शाह, डा.कर्णसिंह कादियान व खुशीराम जागलान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा आज वैन नम्बर एक पहुंचेगी: वीना हुड्डा

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा वैन नम्बर एक मंगलवार 5 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे सनौली ब्लॉक के गांव नवादा आर में पहुंचेगी। इसके उपरांत गांव गढ़ी बेसक में यह यात्रा दोहपर 2 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वैन नम्बर दो मडलौडा ब्लॉक में प्रातः 10 बजे गांव दरियापुर व दोपहर पूर्व 2 बजे गांव जोशी में पहुँचेगी। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने दी।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा को लेकर संबंधित अधिकारी अपने-अपने गांव में सभी आवश्यक प्रबंध पूरे करेंगे और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाई जाएंगी जिनके माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा पात्र व्यक्तियों को ऑनलाईन सेवाओं का भी लाभ दिया जाएगा।

### समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने का वरदान साबित होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा: संजय छौक्कर

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी का सपना है कि समाज का अंतिम व्यक्ति खुशहाल बने और समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जा सकता है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संजय छोक्कर ने गांव सनौली कला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही।

संजय छोक्कर ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद वरदान साबित हो रही है। इस यात्रा से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्ति लाभ उठाकर आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से सभी को बराबरी का हक दिया है उससे पूरे देश में आम जन में उनके प्रति सम्मान बड़ा है यही नहीं उन्होंने देश के मान को पूरे विश्व पटल पर अंकित किया है।

संजय छोक्कर ने इस मौके पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि समालखा हल्के को लेकर जिस तरह से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विगत 26 नवंबर को आयोजित समालखा की अनाज मंडी की रैली में दरियादिली दिखाई उसके लिए पूरी समालखा हल्के की जनता उनकी आभारी है।

मुख्यमंत्री ने गरीब कन्याओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए जो घोषणा की है उससे गरीब और वंचित परिवारों की लड़कियों को पढ़ाई आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने में समाज के अंतिम व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा।

उन्होंने विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टॉलों की जानकारी भी हासिल की है। इस दौरान दर्जनों लोगों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी हासिल की और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिया। उन्होंने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिडकाव करने की मॉक ड्रिल को भी देखा। कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका गांव के मौजिज व्यक्तियों ने फूल-मालाओं और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया तथा स्कूल के विद्यार्थियों ग्रामीणों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा विभिन्न स्कूली बच्चों की अनेक प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। इस मौके पर संजय छोक्कर ने गांव के सरपंच को अभिनंदन पत्र भी सौंपा।

इस दौरान उपस्थित जनसमूह को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को लेकर एलईडी वैन के माध्यम से फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर बीडीपीओ रितु लाठर, नायब तहसीलदार समालखा राहुल राठी, सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा ट्रैफिक मैनेजर पंकज पूनिया इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# अम्बाला पुलिस ने चलाया साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** **माननीय** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साईबर हरियाणा ओपी सिहँ के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के कुशल मार्गदर्शन में को हर्बल पार्क अम्बाला शहर के नजदीक अम्बाला पुलिस ने साईबर जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को साईबर अपराधो के बारे जागरूक किया और साईबर अपराधो से बचने के उपाये बताए।



इस साईबर सुरक्षा जागरूकता अभियान मे कार्यक्रम में लगभग 525 आम नागरिकों, बच्चों, पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों व राहागिरो ने भाग लिया। साईबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साईबर सैल अम्बाला के उप निरीक्षक विरेन्द्र कुमार संधू, मुख्य सिपाही देवी लाल, मुख्य सिपाही फकीर चन्द, मुख्य सिपाही अजय कुमार मुख्य सिपाही सिनदर कुमार ने साईबर अपराधो से बचने की विशेष जानकारी दी। जिसमे उन्होने बतलया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की काल पर भरोसा करके आप अपने बैक खाता/क्रैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे। अपने फेसबुक,व्हटसप का पासवर्ड माह में बदलते रहे। ओटीपी को किसी से भी शेयर ना करे, किसी भी अनजान व्यक्ति का विडियो काल ना उठाएं। बिना जानकारी के लालच में आकर आनलाईन सस्ते सामान को ना खरीदे जिससे कि आपको नुकशान उठाना पढे।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई आयोजित

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आई बी.** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत में छात्र-छात्राओं ने लीगल लिटरेसी सेल और महिला प्रकोष्ठ विभाग की ओर से आयोजित ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया इस प्रतियोगिता का आयोजन के.वी.ए. डी.ए.वी. कॉलेज फॉर वूमेन करनाल द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार व व्यक्तिगत अधिकारों के प्रति समाज को जागरूक करना था। इस प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जय गहलोत, बी.कॉम. प्रथम वर्ष) छात्र द्वारा प्रथम स्थान व नेहा (बी.कॉम.) फाइनल वर्ष द्वारा तृतीय स्थान



प्राप्त किया गया` कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता ज्ञानवर्धक, आत्मविश्वास, जिज्ञ-ासा में वृद्धि करने के साथ-साथ रचनात्मक विकास करने में भी सहायक है` इस पर लीगल लिटरेसी सेल की संयोजिका डॉ. पूनम मदान, महिला प्रकोष्ठ सेल की संयोजिका डॉ. किरण मदान ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# अंबाला: फाइनेंस कमेटी की बैठक में करोड़ों के विकास कार्य मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** की मेयर शक्ति रानी शर्मा की अध्यक्षता में अंबाला शहर के विकास को लेकर फाइनेंस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के विकास को लेकर कहीं अहम फैसले दिए गए। कल दोपहर 12 बजे नगर निगम कार्यालय में बैठक शुरू हुई जिसमें मेयर शक्ति रानी शर्मा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सिनियर डिप्टी मेयर मीना ढिगंरा, पार्षद हितेश जैन , पार्षद राजविंद्र कौर, निगम आयुक्त संगीता तेतरवाल, सहित कई निगम अधिकारी मौजूद रहे। लगभग डेढ घंटे तक निगम की यह बैठक चली। जिसमें कई महत्वपुर्ण मुददो पर चर्चा की गई तथा अहम निर्णय



लिये गए।

मेयर शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि अंबाला शहर में लगातार बच्चों के शारीरिक विकास के लिए कोई मैदान नहीं बचा था जिसके बाद फैसला लिया गया है कि अंबाला शहर में अलग-अलग जगह पर तीन ओपन स्टेडियम बनाए जाएंगे और नसीरपुर में एक बड़ा स्टेडियम बनाया जाएगा जिसमें क्रिकेट के साथ-साथ अपने गेम्स खेली जा सकेंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं की समस्या को देखते हुए गौशाला व नंदी शाला भी बनाए जाने का फैसला लिया है और बाकायदा एजेंडा पास कर दिया गया है। इतना ही नहीं अंबाला शहर रामबाग की तरफ जाने वाली सड़क के निर्माण के साथ-साथ वहां पर मल्टी कंपलेक्स पार्किंग बनाने का भी फैसला लिया गया है और बाकायदा अधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। फाइनेंस कमेटी की बैठक के दौरान नगर निगम द्वारा खरीदे गए पंप को लेकर भी मेयर शक्ति रानी शर्मा ने सवाल उठाए और कहा कि पंप को कई गुना महंगा खरीदा गया है और उन्होंने बाकायदा इसके लिए पेमेंट होल्ड करने के आदेश जारी किए थे लेकिन फिर भी पेमेंट कर दी गई है और अधिकारियों ने अपने स्तर पर मामले की जांच कर क्लीन चिट भी दे दी शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी कीमत पर सहन नहीं होगा और वह इस मामले की जांच के लिए विजिलेंस को लिख चुकी है।

# तीन राज्यों में भाजपा को मिली भारी सफलता, विधायक ने बांटे लड्डू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**तीन राज्यों** के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली भारी सफलता से कार्यकत्ताओं भारी जोश और उत्साह हैं। विधायक असीम गोयल तथा भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा ने लड्डू बांटकर व मुंह मीठा करवाकर एक दूसरे को बधाई दी। राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा छतीसगढ़ में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर खुशी व्यक्त करते हुए अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल ने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों



एवं कार्यो की जीत बताया हैं। उन्होंनें कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की बात पर विश्वास करती हैं और पिछले साढ़े 9 सालों में केन्द्र सरकार ने काम किए है उससे जनता बेहद प्रभावित है। उन्होंनें कहा कि इन राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को नकार कर मतदाताओं ने यह साबित कर दिया है कि वह कांग्रेस के झूठे वादों में आने वाली नहीं हैं। विधायक ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव और हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ विजय दर्ज करेगी और तीसरी बार देश व प्रदेश में भाजपा सरकार बनेगी। भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली भारी सफलता असत्य पर सत्य की जीत हैं। उन्होंनें कहा कि देश में जहां-जहां भाजपा की डबल इंजन की सरकारें है वे जन कल्याणकारी कार्य कर कमाल कर रही हैं। उन्होंनें कहा कि हरियाणा भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन कर इतिहासिक कार्य कर इतिहास रच रहा हैं।

# किसान नेताओं ने फूंका कृषि मंत्री दलाल का पुतला



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा के** कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किसानों पर की गई टिप्पणी को लेकर किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने अंबाला में कृषि मंत्री का पुतला फूंक अपना विरोध जताया और कृषि मंत्री द्वारा माफी मांगने व उनके इस्तीफे की मांग रखी।

अंबाला में किसानों द्वारा कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल का पुतला फूंका गया बता दें जेपी दलाल ने किसानों व उनके परिवार को लेकर टिप्पणी की थी। जिसके कारण उनका जमकर विरोध हो रहा है वही गुस्साए किसानों से बात करने पर उन्होंने कहा जब तक जेपी दलाल उनसे सार्वजनिक तौर पर माफी नहीं मांगते तब तक ये प्रदर्शन ऐसे ही जारी रहेंगे। इसी के साथ ही किसानों ने जेपी दलाल के इस्तीफा की भी मांग की है। किसानों का साफ तौर पर कहना है यदि कृषि मंत्री अपने पद से इस्तीफा नहीं देते और अंबाला में प्रवेश करते हैं तो काले झंडे दिखाकर उनका विरोध किया जाएगा। किसानों की बहन बेटियों पर टिप्पणी करना और अभद्र भाषा का प्रयोग करना यह साफ करता है की जेपी दलाल कृषि मंत्री के पद पर बैठने लायक नहीं है। इस दौरान किसानो ने गोवंशो को लेकर भी नाराजगी जताई और कहा अगर प्रशासन ने उनकी बात पर ध्यान नही दिया तो वे उसको लेकर भी प्रदर्शन किया जाएगा।

किसानों ने यह भी जानकारी दी की आने वाली 12 दिसम्बर को वे सभी गांव से आवारा गोवंश इकट्ठा कर शहर की अनाज मंडी पहुंचेंगे और प्रदर्शन करेंगे क्योंकि आवारा पशुओं के आतंक से किसान बेहद परेशान हो चुके हैं उनकी फसले खराब हो रही है लेकिन प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा गोवंश के बढ़ते आतंक को देखते हुए यह कदम किसान उठाने जा रहे हैं जिसमें एक बड़ी संख्या में गोवंश इकट्ठा किए जाएंगे।

अक्सर ही देखने में आता है कि शहर के साथ साथ गांवों में भी बेसहराराा पशु घूमते रहते हे। जिसके कारण आए दिन कोई न कोई हादसा होता ही रहता है। लेकिन इस ओर विभाग ने अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन सिर्फ आश्वासन देता रहता है। लेकिन कार्रवाई बहुत धीमी करता है। जिसका खामियाजा आम जन को भुगतना पड़ रहा है।

# हर पात्र लाभार्थी तक पहुंच रही केन्द्र व राज्य सरकार: दीपा

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**देश को** 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। इसमें आम जन की भूमिका सबसे अहम है। यह बात ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन दीपा कुमारी ने सोमवार को गांव नन्हेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेते हुए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया गया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा-



जनसंवाद कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगा। आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि मोदी - मनोहर सरकार लाभार्थियों के घर द्वार पर खुद पहुंच रही है। उन्होंने उपस्थित जन समूह को संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को ड्रोन का डेमोस्ट्रेशन भी दिखाया और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी।

दीपा कुमारी ने गांव के विभिन्न उत्कृष्ट छात्रों एवं विभिन्न प्रतिस्पर्धा में स्थान हासिल करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार राहुल राठी, बीडीपीओ रितु लाठर,विभागीय अधिकारी तथा कर्मचारी और गणमान्य लोग तथा लाभार्थी मौजूद रहे।

# मांग को लेकर धरने पर बैठे नगर पालिका सफाईकर्मी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला शहर** नगर निगम कार्यालय परिसर में सफाई कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना था कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए तथा उनकी वर्षों से लंबित पड़ी मांगो को पूरा किया जाए। कर्मचारियों की मांग है कि सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से निगम की सेवा कर रहें है। लेकिन अभी तक उन्हे पक्का नहीं किया गया। कोरोना के समय सरकार ने कहा था कि सफाई कर्मचारियों को शीघ्र ही पक्का किया जाएगा और उन्हे



पे रोल पर लिया जाएगा। लेकिन अभी तक सरकार ने अपने वायदा पूरा नहीं किया है।

आज इस दौरान मेयर शक्ति रानी शर्मा ने भी कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हे आशवासन दिया कि वे उनकी समस्या को सरकार के सामने रखेंगी और जल्द ही उसे हल करने का प्रयास करेंगी।

# 'संगीत सिर्फ मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि एकाग्रता जैसे गुणों का विकास भी करता है'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
कला, संगीत, नृत्य न केवल हमारे जीवन में रंग भरते है बल्कि कला-संगीत रोगों को दूर करने की शक्ति भी रखते है। इसलिए हम सबको अपने जीवन में कला-संगीत को भरपूर महत्व देना चाहिए। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यह उद्गार रविवार देर सांयकाल टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में वायब्रेशन संगीत-समूह द्वारा महान समाजसेवी दम्पत्ति स्वर्गीय श्रीमती गुरशरण कौर व हरिभगत बैंस जी की पावन स्मृति में आयोजित तेहरवीं वार्षिक संगीत संध्या के अवसर पर व्यक्त किए। राज्यपाल हरियाणा ने दीप शिखा प्रज्वलित करके संगीत संध्या का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने बतौर विशिष्ट



अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। इस संगीत संध्या में भारतीय संगीत का दुनिया में डंका बजाने वाली महान गायिका साधना सरगम सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रही। महान गायिका साधना सरगम एवं वायब्रेशन ग्रुप के संस्थापक हरमन जैकब व नरेश जैकब ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने वायब्रेशन संगीत-समूह द्वारा मूक-बधिर, विकलांग और बेसहारा गरीब लोगों की मदद करने के लिए ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार मानवता के कार्यों के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि यह वास्तविकता है कि संगीत, कला और साहित्य देशों की सीमाओं से परे होते हैं। आज विश्व में हमारी संस्कृति की अलग पहचान है। नृत्य, गीत, संगीत, साहित्य, चित्रकारी और लेखन जैसी रचनात्मक विधाओं के माध्यम से हमारे कलाकार, लेखक व साहित्यकार देश की बहुरंगी संस्कृति को विभिन्न मंचों पर प्रस्तुत करते हैं। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि संगीत की कोई भाषा नहीं होती संगीत दिल को दिल से जोड़ता है तथा तनाव एवं थकावट को दूर करने में अहम भूमिका निभाता है। इस संगीत संध्या में भारतीय संगीत का दुनिया में डंका बजाने वाली महान गायिका साधना सरगम ने अपने गीतों की लाइव परफॉरमेंस के जरिये शहर के लोगों की पुरानी यादों को पुनः ताजा कर दिया। टैगोर थिएटर में मौजूद सभी लोग वही गीत गुनगुना रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के गायकों ने पुराने गीतों का ऐसा समां बांधा कि सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। संगीत संध्या का संगीत निर्देशन चंडीगढ़ के मशहूर बांसुरी वादक वेवल शर्मा और उनके सुपुत्र गीत कौतिष द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पंजाब के डीजीपी संजीव कालरा, हरियाणा राजभवन के कम्पट्रोलर जगन्नाथ बैंस, चंडीगढ़ और विभिन प्रदेशों के संगीतकार नन्द किशोर, सुनील, विपिन गुलाटी, श्रीमती वैशाली, श्रीमती मंजू भट्ट, श्रीमती तनुसहित अनेक गायक मौजूद रहे।

# नीलोखेड़ी विधानसभा चुनाव क्षेत्र से संबंधित वोट के कार्य को लेकर हुई बैठक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा द्वारा स्थानीय पंचायत भवन में सोमवार को विधानसभा चुनाव क्षेत्र 19-नीलोखेडी (अ.जा.) से संबंधित वोट के कार्य हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, सभी डेडीकेटिड सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों, महिला एंव बाल विकास अधिकारी, नीलोखेड़ी, कालेज के प्रधानाचार्य तथा सभी निर्वाचन सुपरवाईजर व बीएलओ ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक पंजीयक अधिकारी को हिदायत दी कि वह सभी सुपरवाईजर व बीएलओज के कार्य का प्रतिदिन निरीक्षण करने



उपरान्त रिर्पोट देंगे। उन्होंने महिला एंव बाल विकास अधिकारी, नीलोखेड़ी को हिदायत दी कि वे अपने अतंर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सभी पात्र महिलाओ की वोट अधिक से अधिक बनवाएं ताकि महिला मतदाताओं की संख्या को बढ़ाया जा सके। एडीसी ने सभी बीएलओ को आदेश दिए कि वह अपने मतदान केन्द्र से सम्बन्धित क्षेत्रो में घर-घर जाकर सभी वंचित पात्र व्यक्तियो के फार्म नंम्बर 6 (कम से कम 20 या उससे अधिक) बीएलओ ऐप के माध्यम से भरेंगे। उन्होंने सभी सुपरवाईजरों/ बीएलओ को दो दिन में पूर्ण करने सभी को आदेश दिए। इस अवसर पर सभी निर्वाचन सुपरवाईजर के साथ-साथ 230 बीएलओ व निर्वाचन कानूनगो नीलम, गौरव वासुदेव व दीपक आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा की प्रचंड जीत पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता की मुहर है : राजेश डागर

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** देश के तीन राज्यों मध्य प्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हुए चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर निगरानी समिति एनआईटी-86 के संयोजक राजेश डागर ने कहा कि लोगों के दिलों में सिर्फ और सिर्फ पीएम मोदी हैं। भाजपा की प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता की मुहर है। राजेश डागर ने कहा कि मध्य प्रदेश में पार्टी ने सत्ता बरकरार रखी है तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को उखाड़ फेंका है। चुनावी नतीजों ने साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण और जाति की राजनीति के दिन लद गए हैं। भारत में केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ही काम करती है। चुनाव नतीजे संदेश देते हैं कि देश समझ गया है कि केवल मोदी ही निर्णायक नेतृत्व प्रदान कर सकते हैं और किसानों, गरीबों, वंचित वर्गों को सशक्त बना सकते हैं।

### सेक्टर 4 प्रेम नगर स्लम एरिया में लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसे

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पिछले 4 दिनों से प्रेम नगर स्लम एरिया सेक्टर 4 में पानी की सप्लाई बंद थी सभी जगह शिकायत करने के बाद जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोग समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता गोल्डी बरेजा के नेतृत्व में सडक पर उतर गए और उन्होनें संबंधित अधिकारियों व सरकार के शीर्ष नेतृत्व को इस समस्या से अवगत कराया। जिसके चलते एरिया जेई नाजिम व जेई एफ .एम .डी .ए प्रवीण कुमार वहां मौके पर पहुंचे और समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता गोल्डी बरेजा ने उन्हें लोगों की समस्या से अवगत कराया और बताया कि किस तरह से लोग पिछले चार दिन से पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। गोल्डी बरेजा ने अधिकारियों से कहा यदि जल्दी समस्या का समाधान ना हुआ तो हम अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे और इसकी जिम्मेदारी आप दोनों डिपार्टमेंट के अधिकारियों की होगी। प्रशासन के अधिकारियों ने जनता को यह विश्वास दिलाया की पानी की लाइन टूटने की वजह से पानी की सप्लाई बंद थी जिस पर काम चल रहा है और यह आश्वस्त किया की शाम 8:00 बजे तक हर हालत में पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इस मौके पर समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता गोल्डी बरेजा, सुबे सिंह, जुम्मन, भगत, सुभाष, रोशनी, शहनाज मनोज, मजूर, अशोक, महेश, राज देवी, पार्वती, उमा देवी, रजनी, राम प्रकाश, सुमेर,ईश्वर सुशील, सुनील आदि मौजूद रहे।

### बीजेपी की भारी बहुमत से हैट्रिक लगना मोदी की गारंटी पर जनता के विश्वास की गारंटी है : अनिल प्रताप सिंह

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तीन राज्यों में भाजपा को जबरदस्त बहुमत मिलने के बाद बीजेपी कार्यकताओं में काफी जोश है । फरीदाबाद में बीजेपी वरिष्ठ नेता अनिल प्रताप सिंह ने भाजपा के सभी कार्यकताओं को इस जीत की बधाई दी है। मिडिया को जारी सन्देश में उन्होंने कहा है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चार राज्यों के चुनाव परिणामों में तीन राज्यों में बीजेपी की भारी बहुमत से हैट्रिक लगना मोदी की गारंटी पर जनता के विश्वास की गारंटी है। अनिल प्रताप सिंह ने कहा है की यह ऐतिहासिक जीत मोदी जी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व, लोक-कल्याणकारी विजन एवं नीतियों और समग्र विकास के संकल्प के प्रति राजस्थान के नागरिकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अब देश की जनता को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का इंतजार है ताकि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना कर एक और रिकॉर्ड कायम किया जा सके. उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी भाजपा तीसरी बार अपनी हैट्रिक बनाने जा रही है. इन तीन चुनाव में भाजपा की जीत ने हरियाणा को जीतने का रास्ता भी साफ कर दिया है. भाजपा नेता अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे और भाजपा भारी मतों से प्रदेश में अपनी सरकार बनाएगी। अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि देश का विकास केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है अन्य दलों ने तो लोगों को लूटने का काम किया है. देश की जनता बधाई का पात्र है जिसने भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाकर यह दिखा दिया है कि लोगों को झूठे प्रलोभन और झांसा देकर सत्ता पर कब्जा नहीं किया जा सकता. बीजेपी का हर कार्यकर्त्ता इस जीत के बाद काफी जोश में है।, "मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है, उनका भरोसा भाजपा में है। अब हरियाणा की बारी है।

## पुलिस ने लाईन चेंज ड्राइव करने वाले 942 वाहन चालको के काटे चालान

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व आईजी ट्रैफिक हरदीप सिंह दून के आदेश पर डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देश पर एसीपी ट्रैफिक एनआईटी विनोद कुमार के मार्गदर्शन व एसएचओ ट्रैफिक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस टीम ने स्पेशल अभियान के तहत लाईन चेंज ड्राइव करने वाले 942 वाहन चालको के चालान काटकर जुमार्ना लगाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा शहर वासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# 'चिकित्सक बनने के साथ-साथ अच्छा नागरिक बनना बहुत जरूरी'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में इस सत्र में दाखिल हुए छात्र-छात्राओं का शिष्योपनयन संस्कार और हवन यज्ञ का आयोजित किया गया। जिसमें कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान द्वारा नव आगंतुक चिकित्सकों को एप्रन प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और करनाल की कबीर वेलनेस कंपनी का विशेष रूप से सहयोग रहा। प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने मुख्य वक्ता एबीवीपी के प्रांत संगठन मंत्री श्याम कुशवाह, कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति वैद्य करतार सिंह धीमान और विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय जाखड़ का स्वागत व



आभार प्रकट किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में संस्कारों का विशेष महत्व रहा है, जन्म से मृत्यु तक मनुष्य के 16 संस्कार हैं, जिनमें उपनयन संस्कार की अलग ही उपयोगिता है। उपनयन का अर्थ है गुरु शिष्य का परस्पर नजदीक आना है। अतः जितना अधिक हो सके विद्यार्थी जीवन काल मे गुरु से ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। जो जीवन पर्यन्त काम आने वाला है। उन्होंने कहा कि जीवन में चिकित्सक बनने से पहले अच्छा नागरिक बनना बहुत जरूरी है। इसलिए भारत सरकार ने भी नई शिक्षा नीति में बहुत सारे बदलाव करते हुए शिक्षा क्षेत्र को भारत केंद्रित यानी भारतीय परंपरा और संस्कारों से जोड़ने की कोशिश की है। क्योंकि भारत के पर्व और त्यौहार विज्ञान सम्मत होने के साथ ही व्यक्ति को संस्कारवान और विचारवान बनाते हैं। जिनको ग्रहण कर व्यक्ति समाज का अच्छा नागरिक बनता है। मुख्य वक्ता श्याम कुशवाहा ने कहा कि भारत देश युवाओं का देश है। युवाओं में देश की दशा और दिशा बदलने की ताकत होती है। पढ़ने के बाद नौकरी करनी और पैसा कमाना यह हमारा ध्येय नहीं होना चाहिए। बल्कि अपने पेशे को समाज उपयोगी कैसे बनाया जाए इस पर भी प्रत्येक युवा को विचार करना चाहिए। तभी शिक्षा ग्रहण का उद्देश्य सफल होगा। कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने कहा कि अध्ययन और अध्यापन विषय हमेशा भारतीय संस्कृति से जुड़े रहे है इस ज्ञान से विद्यार्थियों को अवगत कराना बहुत जरूरी है। भारतीय ज्ञान परंपरा में आधुनिक ज्ञान प्रबंधन सहित सभी क्षेत्रों के लिए अद्भुत खजाना है, भारतीय दृष्टिकोण का अध्ययन कर ही भारत एक बार फिर विश्व गुरु बन सकता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय जाखड़ ने कहा कि उपनयन संस्कार एक प्रकार से नए जीवन का पदार्पण है। जिसमें उथल-पुथल और कठिनाइयां आनी स्वाभाविक हैं। मगर इनसे घबराने की जरूरत नहीं है।

# बाबैन में 47वां हेल्थ चैकअप एवं आंखो का जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर मलिक)** बाबैन के एक निजी स्कूल में सोमवार को प्रसिद्व समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग द्वारा स्वस्थ बनेगा हल्का लाडवा अभियान के तहत 47वां हेल्थ चैकअप एवं आंखो का जांच शिविर लगाया गया। जिसमें भारी संख्या में बच्चों, अभिभावकों व लोगों ने अपना स्वास्थ्य एवं आंखो की जांच करवाई।समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह में दो दिन लाडवा हल्के के किसी न किसी गांव में निःशुल्क हेल्थ चैकअप एवं आंखो का जांच शिविर लगाया जाता है। यह कैम्प इसलिए लगवाए जा रहे हैं ताकि लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर



जागरूक हो सकें और अपना स्वास्थ्य की देखभाल कर सकें। उन्होंने कहा कि कई बार हमारे शरीर में कोई बीमारी ऐसी होती है। जिसका देरी से पता लगता है, इसलिए समय रहते टेस्ट आदि करवाने चाहिए। समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। जो इनके द्वारा जनहित के कार्य किये जा रहे हैं उनकी लाडवा हल्के में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सराहना हो रही है।

## लोधी राजपूत जनकल्याण समिति ने स्वामी ब्रह्मानन्द की जयंती मनाई

**फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** लोधी राजपूत जन कल्याण समिति के डबुआ कालोनी स्थित कार्यालय पर स्वामी ब्रह्मानन्द की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, सुरेश चन्द्र पाठक समिति के संस्थापक/ महासचिव लाखन सिंह लोधी, अध्यक्ष रूप सिंह लोधी ने स्वामी ब्रह्मानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनके चित्र के समक्ष दीप भी प्रज्जवलित किया। स्वामी ब्रह्मानन्द का जन्म 4 दिसम्बर 1894 को उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले की राठ तहसील के बरहरा नामक गांव के एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम मातादीन लोधी तथा माता का नाम जशोदाबाई था।

# दृढ़ निश्चय सफलता का मूल मंत्र : कृष्ण पाल गुर्जर



**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दृढ़ निश्चय सफलता का मूल मंत्र है। खिलाड़ियों का अपना दृढ निश्चय तय होता है और खिलाडी अपना निश्चय के अनुसार ही लक्ष्य पूरा करके देश, प्रदेश, जिला व परिवार का नाम रोशन करेंगे। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृषणपाल गुर्जर ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ- 2023 के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि फरीदाबाद की धरती पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों का फरीदाबाद वासियों की तरफ से तहे दिल से स्वागत करता हूं। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर खेल परिसर सेक्टर-12 में जिला फरीदाबाद में राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ आज सोमवार से शुरू कर उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को सम्बोधित कर रहे थे। शुभारंभ समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में विधायक नरेंद्र गुप्ता ने शिरकत की। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ शुभारंभ उद्घाटन कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में शुरू हुआ। चौ. कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दृढ़ निश्चय सफलता का मूल मंत्र है। खिलाड़ियों का अपना दृढ निश्चय तय होता है और अपना निश्चय के अनुसार ही लक्ष्य पूरा करके देश, प्रदेश, जिला व परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री के कृष्ण पाल गुर्जर ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ-2023 शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि फरीदाबाद की धरती पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों का फरीदाबाद वासियों की तरफ से तहे दिल से स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि हरियाणा खिलाड़ियों की खान है। देश में जितने भी ओलंपिक, एशियन, वर्ल्ड कप के खेल हुए हैं उनमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व में अलग पहचान बनाई है।

# निदेशिका बनने पर डॉ. सुशीला चौहान का किया अभिनंदन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग की निदेशिका बनने पर डॉक्टर सुशीला चौहान का नागरिक अभिनंदन किया गया। भगवान श्री विश्वकर्मा पांचाल एजुकेशन सेवा समिति के सदस्यों ने उनका अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी।इस मौके पर कर्मवीर एडवोकेट ने बताया कि मैडम सुशीला चौहान एक विनम्र और मृदभाषी व्यक्तित्व की धनी है और उन्होंने यह पद अपनी मेहनत और लगन से पाया है। उनके नेतृत्व में विधि संस्थान और भी ज्यादा ऊंचाइयों को छूएगा।उन्होंने बताया कि शिक्षा समिति समाज मे शिक्षा और सहयोग के लिए विशेष कार्य कर रही है और समय समय पर



प्रतिभाओं का सम्मान करती है।सुशीला चौहान ने बताया कि वह पिछले 17 वर्षों से इस विभाग में अध्यापन कार्य कर रही हैंऔर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्होंने इस पद की जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसे वह ईमानदारी और लगन से पूरा करेंगी।इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सोमनाथ सचदेवा का एवं सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार जताया ।इस अवसर पर उन्होंने समिति द्वारा संचालित पुस्तकालय में पुस्तकें और जरूरी शिक्षण सामग्री व हर प्रकार से सहयोग देने घोषणा की।जानकारी देते हुए एडवोकेट सुभाष पटवा ने कहा की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पास आउट विधि विभाग के छात्रों की कानून के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि रही है।इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर मदन पांचाल, सेवानिवृत्ति सीजेएम दयानंद पांचाल, संतोष पांचाल, विधि चंद,शशि भूषण पाई, सतीश कुमार बारना मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को मिल रहा अपार जनसमर्थन: राजेश नागर

**फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।** तिगांव के विधायक राजेश नागर की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के तहत सोमवार को तिगांव और अधाना पट्टी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व विभिन्न प्रकार की सेवाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं व सरकारी सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्वास्थ्य की जांच भी की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से



शुरू की गई है। ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंच सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक राजेश नागर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करते हुए लाभार्थियों को जागरूक व प्रेरित किया और उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे **खड़ा करना सरकार का लक्ष्य : राजेश नागर** तिगावं विधान सभा क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। सरकार का मानना है कि जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का संपूर्ण विकास नहीं हो जाता, तब तक राष्ट्र के पुनर्निर्माण का स्वप्न अधूरा है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को अपनी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को आधार मान कर ही गरीबी मिटाने का कार्य प्रारंभ किया है। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। समाज के अंतिम से अंतिम व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है।

**मेरी कहानी-मेरी जुबानीः अब नहीं लेनी पड़ती पेंशन की टेंशन** : मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव साझा करते हुए व गांव निवासी रामकरन नागर, अधाना पट्टी की श्रीमती ममता देवी सहित अन्य पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी बुजुर्गों ने कहा कि मनोहर सरकार की ओर से प्रदेश में लागू किए गए परिवार पहचान पत्र ने प्रदेश के वृद्धजनों को पेंशन चालू कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है।

# विदेश भेजकर काम दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना सेक्टर 32-33 की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी नवीन वालिया पुत्र संतोष कुमार वासी रामपुर कट्टा बाग करनाल को रेड लाइट सेक्टर 7-8 करनाल से गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में 27 जनवरी 2023 को शिकायतकर्ता राखी पत्नी सुनील कुमार वासी मतलोड्डा पानीपत ने शिकायत दी थी कि आरोपी द्वारा उसके पति सुनील कुमार को दुबई भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख 40 हजार रुपए हड़पे गए हैं। शिकायकर्ता आरोपी नवीन से करनाल में मिली थी और आरोपी ने बताया कि वह लोगो को दुबई भेजता है और वहां आरोपी का दोस्त रोहित नौकरी दिलवाता है। वह बहुत से लोगों को नौकरी दिलवा चुका है। इसी प्रकार शिकायतकर्ता ने भी अपने पति सुनील को दुबई भेजने व काम दिलाने के नाम पर आरोपी को मार्च 2022 में एक लाख 37 हजार रुपए दे दिए। आरोपी ने 8 अप्रैल को सुनील को दुबई भेज दिया और वहां रोहित द्वारा कई दिन तक कमरे में रखा गया। परंतु आरोपी शिकायतकर्ता के पति को काम न दिला सके और आरोपी रोहित द्वारा सुनील का पासपोर्ट भी ले लिया गया। सुनील की तबियत खराब होने लगी और वह अपना पासपोर्ट मांगने लगा, परंतु उन्होंने पासपोर्ट नहीं दिया। आरोपी नवीन वालिया द्वारा शिकायकर्ता राखी से दो लाख रुपए की डिमांड की गई और दुबई में शिकायतकर्ता के पति को अब तक काम नहीं दिलाया गया। इस संबंध में शिकायत के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में 31 जनवरी को आईपीसी की धारा 406, 420 और 24 इमिग्रेशन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आगामी तफ्तीश करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी नवीन को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मॉडल टाउनः धूमधाम से मनाया गया गुरु पर्व, सजाया गया कीर्तन दरबार







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरू नानक देव जी के** प्रकाश पर्व के अवसर पर मॉडल टाउन में सालाना कीर्तन दरबार सजाया गया व गुरू लंगर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा आर एम ब्लॉक के तत्वाधान में संपन्न हुआ।

**कीर्तनियों ने कीर्तन कर बांधा समांः** इस दौरान गुरू पर्व को और भी ज्यादा भक्तिमय बनाने के लिए दूर-दूर से कीर्तनीए आए। जिसमें कि हजूरी रागी, भाई अमरजीत सिंह, पटना सहिब से भाई राजिदंर सिंह, भाई मनजीत सिंह कानपुरी के साथ ही पटियाला वाले भाई अमरजीत सिंह ने अपनी मधुरवाणी से कीर्तन कर साध-संगत को निहाल किया।

**गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा के लोग रहे मौजूदः** प्रधान भुपिंदर सिंह, सेक्रेटरी भुपेंदर सैनी, सुरजीत सिंह, नसीब सिंह, राजिंदर सिंह, जसबीर सिंह सैनी, गुरमुख सिंह, इंदरजीत सिंह, देवेंदर सिंह, दीदार सिंह, मनोहर सिंह, पवनीत सिंह, प्रीतपाल सिंह, हरदीप सिंह (पप्पी) ढोढी के साथ ही गुरूद्वारा कमेटी के सदस्य सरदार करतार सिंह चावला (विक्की) सुखबीर सिंह कालरा मौजूद रहे। इन सभी के अलावा डी ब्लॉक गुरूद्वारा गुजरावाला टाउन के रामेश्वर नगर से प्रधान सरदार दर्शन सिंह भी उपस्थित रहे।



**विशेष अतिथियों ने छका प्रसादः** मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा व मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, निगम पार्षद मुकेश गोयल, पार्षद नेहा अग्रवाल, दिल्ली पैरामेडिकल बोर्ड के चैयरमेन प्रदीप अग्रवाल, पूर्व जोन चेयरमैन नाथू राम नागर, अनुराग गर्ग, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्विराजा, रश्मी बजाज, अजय गुप्ता (बोबी) अभिषेक शर्मा, राकेश गोयल, दीपक जिंदल, राजेश अरोडा, अमित जैन, ललित शर्मा, उषा वर्मा, प्रबोद्व मल्होत्रा के साथ आर और एम ब्लॉक आरडब्लूए के सभी सदस्य ने श्री गुरू नानक देव जी का आर्शिवाद प्राप्त लिया।

**सैंकड़ों श्रद्वालुओं ने की अरदासः** कीर्तन दरबार में सैंकड़ो की तादात में लोग शामिल हुए। यहां आने वाले सभी श्रद्वालुओं ने माथा टेका व गुरू अरदास की। अंत में सभी साध-संगत ने प्रसाद छका। आपको बतादें कि कीर्तन दरबार फूलो की माला व बिजली की रंग बिंरगी झालरों से जगमगा उठा था, जिसको देखते ही बनता था। इस मौके पर सभी ने माथा टेका व श्री गुरू नानक देव जी का आर्शिवाद प्राप्त किया।




# वार्ड की जनता को मिलेगी कई बेहतर सुविधाएं: सुमन शर्मा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर वार्ड की** निगम पार्षद सुमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगल बाजार चौक के समीप माताओं और बहनों के लिए समर्पित पिंक टॉयलेट का निर्माण होने जा रहा है। जगह का सर्वेक्षण और निरीक्षण आज संपूर्ण हो गया। उन्होंने आगे बताया कि एच-4 के सामने सांसद फंड से पुस्तकालय व मनोरजन केन्द्र बनेगा। जिसका निरीक्षण किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि डीडीए फ्लैट, पंजाबी कैंप, ए ब्लॉक, एच ब्लॉक का ड्रैनेज नेटवर्क का नवीनीकरण जल्द ही अटल अमृत अभियान के तहत करवाया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि एच-4 के 1850 के सामने वाले पार्क के पास डूसूब शौचालय के पास जच्चा-बच्चा केन्द्र खुलेगा। जिसका निरीक्षण भी किया जा चुका है। निगम पार्षद सुमन शर्मा ने कहा कि मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है कि जिसके लिए मैं हमेशा ही प्रयासरत रहती हूं। जनता की जो भी समस्याएं है, उन समस्याओं को सुन समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाती हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

## यह जीत लोकसभा चुनाव में मील का पत्थर सबित होगी: सत्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पांच राज्यों में विधानसभा** चुनाव के नतीजे आने के बाद पांच में से तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भाजपा की बहुमत से सरकार बनने जा रही है। जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मौके पर जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कहा कि यह जीत भाजपा की नहीं है अपितु देशवासियों की जीत है। उन्होंने कहा की मध्यप्रदेश व राजस्थान से आशा के अनुरूप भाजपा को जीत हांसिल हुई है, वहीं छत्तीसगढ की जनता ने मोदी जी पर जो विश्वास दिखाया है यह उस विश्वास की जीत हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इन



तीन राज्यों में जो जीत मिली है वह आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी निश्चय ही एक करिश्माई नेता है जिनके नेतृत्व में हारती हुई सीट भी आसानी से जीत में कब बदल जाती है यह तो उम्मीदवार को भी नहीं पता चलता है।

# अजीत यादव ने मशीन से करवाई नालों की सफाई




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 भलस्वा में निगम पार्षद अजीत यादव ने सोमवार को आईटीआई झुग्गी में पीडब्ल्यूडी के जो बड़े नालों की जो पुलिया बहुत दिन से बंद हो रखी थी, जिसे देखते हुए सुपर सोकर मशीन से नालों की सफाई करवाई और आईटीआई झुग्गी का भी दौरा किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को भी सुना और समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रहा हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े, क्योंकि मेरे क्षेत्र की जनता मेरे लिए मेरे परिवार से कम नहीं है। इस मौके पर उनके साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनता का किया सहयोग





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चुनाव आयुक्त द्वारा चलाए** जा रहे नई वोटर लिस्ट को करेक्शन हेतु लगाए गए कैंप में नई वोट बनवाने, वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने व अन्य कार्यों में लोगो को जागरूक कर आदर्श नगर के अंदर कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने जनता व कर्मचारियों का सहयोग किया। इस मौके पर बीएलए-1 शिवांक सिंघल, सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, डॉक्टर हरीश सेठी, इंद्रजीत हांडा, मनीष कुमार, सोनू, सुरेंद्र सैनी, लालबाबू पासवान, मीना बानो, कांता देव, प्रेम, होतम सिंह, साहिल सलमानी आदि कांग्रेस के नेता मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया चौधरी अब्बास अली का जन्मदिन, दिग्गजों ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली की** प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था नरेला विकास संगठन ने संस्था चेयरमैन चौधरी अब्बास अली के 78 वें जन्मदिन के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अब्बास अली का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान दावत पार्टी का भी आयोजन किया गया। बाहरी दिल्ली की प्रमुख संस्थाओ में शुमार नरेला विकास संगठन ने नरेला के हरिश्चंद्र रोड स्थित प्रसिद्ध केसरिया रेस्टोरेंट में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर संस्था के चेयरमैन व प्रसिद्ध समाजसेवी चौधरी अब्बास अली का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारियो ने सब की मौजूदगी में पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर, माल्यार्पण कर चौधरी अब्बास अली को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी और भगवान से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। राजधानी पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर व कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े वरिष्ठ समाजसेवी चौः अब्बास अली के जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा, जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक, संस्थाओं के पदाधिकारी, सगे संबंधियों, राजनीति से जुड़े दिग्गजों ने माल्यार्पण कर सुंदर उपहार पुष्पगुच्छ भेंटकर चौधरी अब्बास अली को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर नरेला विकास संगठन ने नरेला के प्रसिद्ध केसरिया रेस्टोरेंट में जन्मदिन पार्टी का आयोजन किया।





चौधरी अब्बास अली ने सब की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई और कहा कि माना मैं आज 78 वर्ष का हो गया हूं। लेकिन अभी अपने आप को 60 वर्ष का महसूस करता हूं। अभी मुझे समाज के लिए बहुत कुछ करना है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर आप सभी ने जो स्नेह, दुलार और अपनेपन से ओतप्रोत शुभकामनाएं व बधाई मुझे दी हैं, मैं बहुत खुशी के साथ आप सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। और आशा करता हूं कि आप सभी का स्नेह, प्यार और आशीर्वाद मुझ पर हमेशा बना रहेगा। जन्मदिन के मौके पर नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह खत्री, महासचिव एनडी अरोड़ा, उप प्रधान डॉ. रजनीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान अनिल आर्य, सुरेंद्र वर्मा, हरि प्रकाश शर्मा, रियासत अली, ओमप्रकाश रंगा, सतबीर राणा, मास्टर सतबीर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।